दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



इस कदर स्ट्रेस करें दूर-मेंटल हेल्थ को बनाए बेहतर



हैप्पी लाइफ के लिए जरूरी है हंसना

वर्ष : 12 | अंक : 132 | लखनऊ, 04 मई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



उत्तराखंड में बारिश-ओलावृष्टि से हालात हो गए बेकाबू

# उत्तरकाशी हाईवे बना 'झरना', नदी-नाले उफने, जगह-जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को हो गए मजबूर, 30 पर्यटक फंसे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रविवार की सुबह उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम ने अचानक करवट ली और घने काले बादलों ने दिन को रात में तब्दील कर दिया। देहरादून में तड़के से ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। नदी-नाले उफान पर आ गए, कई मोहल्लों में पानी भर गया और जगह-जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। गंगोत्री नेशनल हाईवे पर मनेरी के पास पहाड़ी से अचानक इतने जोर से पानी का रेला आया कि देखते ही देखते वहां एक विशाल झरना बन गया। राजमार्ग पर चल रहे राहगीर और वाहन चालक हक्के-बक्के रह गए। लोग जान बचाकर भागे। हाईवे कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया और यातायात थम गया।

**खास बातें**

- देशभर में बदले मौसम ने मचाई तबाही,
- यातायात को कर दिया जाम
- सेना को संभालना पड़ा मोर्चा

## फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आए



टिहरी : टिहरी जिले में टिहरी बांध झील पर तूफान के कारण डोबरा-चांटी पुल के पास तैरती झोपड़ियों के एक घाट को नुकसान पहुंचने के बाद एसडीआरएफ कर्मियों ने मोर्चा संभाला।

शनिवार शाम टिहरी झील के डोबरा-चाटी क्षेत्र में अचानक आई आंधी ने कहर बरपाया। झील पर बने फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आ गए।कुछ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए, कुछ पानी में बह गए। इस हादसे में करीब 25 से 30 पर्यटक झील क्षेत्र में फंस गए। एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई जनहानि नहीं हुई।

## नैनीताल और अल्मोड़ा में भी मचा हड़कंप, रेलिंग ढही

नैनीताल जिले के हल्द्वानी, कोटबाग, कालाढूंगी और खुर्पाताल में सुबह-सुबह भारी ओलावृष्टि हुई। फसलों और बागानों को नुकसान पहुंचने की खबर है। अल्मोड़ा में शनिवार देर शाम आए तूफान ने नगर में अफरा-तफरी मचा दी। नगर निगम भवन की रेलिंग ढह गई और कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हरिद्वार में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जबकि ऊधम सिंह नगर के खटीमा में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई।

## रायबरेली में पड़े ओले

यूपी में मौसम एक बार फिर से पलट गया है। रात से ही अवध के कई जिलों में अच्छी बरसात हुई। सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, अमेठी, रायबरेली सहित कई जिलों में रविवार की सुबह हल्की बरसात हुई। रायबरेली में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

## पंजाब में घना कोहरा छाया रहा

पंजाब में काले घने बादलों के पहरे के साथ हुई। सुबह के वक्त ही रात जैसा नजारा बन गया। सड़कों पर गाड़ियों को हेडलाइट्स जलाकर चलना पड़ा। 50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलीं हवाएं। मदेखते ही देखते करीब 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफानी हवाएं चलने लगीं।

## हरियाणा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हरियाणा के उत्तरी जिलों में रविवार सुबह अंबाला और यमुनानगर में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज आंधी और धूल के गुबार के कारण सुबह के समय ही सड़कों पर अंधेरा छा गया, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**खबर संक्षेप**

## चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक, कई घायल



नूरपुर। पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर नूरपुर के समीप न्याजपुर में रविवार सुबह 6.30 पर एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से चीखो पुकार मच गई। चंबा से ऊना के लिए निकली थी और सुबह 11 बजे के करीब नूरपुर में पहुंचने पर यह हादसा हो गया। न्याजपुर में तीखे मोड़ पर चालक को हार्ट अटैक आया, वह खिड़की से गिर गया।

## राष्ट्रपति से मिल चड्ढा करेंगे 'कई' खुलासे



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि वह उन्हें पंजाब के सरकारी तंत्र के कथित दुरुपयोग के बारे में बता सकें। चड्ढा का कहना है कि पंजाब का सरकारी तंत्र का इस्तेमाल राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है और उन सांसदों को निशाना बनाया जा रहा है, जो भाजपा में शामिल हुए हैं।

## बुलंदशहर में नहाते पक्त 5 लोग गंगा में डूबे



बुलंदशहर। यूपी के बुलंदशहर स्थित मांडू गंगा घाट पर एक दुखद घटना सामने आई है। अंतिम संस्कार के बाद गंगा नदी में स्नान करते समय 5लोग डूब गए। ये सभी देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव कुछेजा के निवासी बताए जा रहे हैं। वे एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घाट पर पहुंचे थे। शवदाह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी गंगा में स्नान कर रहे थे।

## 19 की उम्र में महिला क्रिकेटर ने की खुदकुशी



पुडुचेरी। भारतीय क्रिकेट जगत से बेहद दुखद खबर है। 19 वर्षीय उभरती महिला क्रिकेटर एंजल गंगवानी ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

## बंगाल में मतगणना के पहले ही पक्ष-विपक्ष में खिची तलवारें, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर

# टीएमसी का आरोप- भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे, चार घंटे तक धरना भी दिया

### ममता के निर्वचिन क्षेत्र में स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। टीएमसीके कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले 2वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर 4घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृतिक लोगों के के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान खत्म होने के बाद अब बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और भाजपा के बीच सत्ता को लेकर तनाव बढ़ गया है। दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता राज्यभर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रखे हुए हैं, जहां उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद है। भारी जीत का भरोसा जताने के बावजूद ममता ने कई बार मतगणना में गड़बड़ी और ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका जताई है।





स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रख रहे भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता

### वाहनों को प्रवेश पर उठाए सवाल

रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी 2 गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला? टीएमसी ने दावा किया कि पुलिस ने वाहनों को हटाने का भरोसा दिया। लेकिन वह कुछ समय तक वहां खड़े रहे। इससे पहले गुरुवार रात कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों पर भी हंगामा हुआ था। टीएमसी नेताओं ने स्ट्रांग रूम में पारदर्शिता की कमी और गड़बड़ी की आशंका जताई थी। हावड़ा और अन्य जगहों पर भी टीएमसी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सीसीटीवी बंद होने के आरोप लगाए।

# अफसरों की 'ड्यूटी जानकारी' लीक, स्प्रेडशीट-सूचियां प्रसारित

### सुवेंदु ने आयोग से की कार्रवाई की मांग

बंगाल में मतगणना से पहले भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी अपनी ड्यूटी, स्थान और जिम्मेदारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी विभागीय संगठनों और संघों के साथ साझा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सोमवार को होने वाली मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर असर पड़ सकता है और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता खतरे में आ सकती है। अधिकारी ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मेरे संज्ञान में यह बात आई है कि मतगणना के दिन ड्यूटी के लिए तैनात कई अधिकारी कथित तौर पर अपनी ड्यूटी का विवरण, स्थान और पदनाम अपने-अपने विभागीय संगठनों और संघों को बता रहे हैं। मुझे यह जानकारी मिली है कि कुछ स्प्रेडशीट और सूचियां प्रसारित की जा रही हैं, जिनमें अधिकारी अपनी 'चुनाव ड्यूटी की जानकारी' स्वेच्छा से या किसी दबाव में भर रहे हैं। इसमें मतगणना प्रक्रिया के दौरान उनकी विशिष्ट भूमिकाओं का विवरण भी शामिल है।

### भाजपा ने ईसी से की शिकायत

सुवेंदु ने पोस्ट के साथ कुछ वाट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संबंधी नियमों का एक गंभीर उल्लंघन है। मतगणना



प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता, इसमें शामिल कर्मियों की तैनाती की गोपनीयता पर निर्भर करती है। इस गोपनीयता का कोई भी उल्लंघन परिणामों की निष्पक्षता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जब किसी अधिकारी की तैनाती का विशिष्ट विवरण किसी राजनीतिक झुकाव वाले संगठन या संघ को पता चल जाता है, तो इससे अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव और दबाव की गुंजाइश बन जाती है। उन्होंने ईसी और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सुवेंदु ने कहा, अधिकारियों को किसी भी संगठन के साथ अपनी मतगणना ड्यूटी साझा करने से रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

फाल्टा में दोबारा वोटिंग, भड़के अभिषेक

### दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो



अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बेनर्जी ने भाजपा को चुनौती दी है। सांसद ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, तुम्हारे बांग्ला बिरोधी गुजराती गिरोह और उनके कठपुतली ज्ञानेश कुमार के लिए दस जन्म भी मेरे डायमंड हार्बर मॉडल में जरा सी भी सेंध नहीं लगा पाएंगे। अपनी पूरी ताकत लगा दो। मैं पूरे भारत संघ को चुनौती देता हूं, फाल्टा आओ। उन्होंने कहा, अपने सबसे मजबूत उम्मीदवार को भेजो, दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो। अगर हिम्मत है तो फाल्टा से चुनाव लड़ो।

फाल्टा के भाजपा उम्मीदवार

### 4 मई के बाद जहांगीर को जेल में डालेंगे



बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के फाल्टा से उम्मीदवार देबांग्शु पांडा नें पुनर्मतदान का स्वागत किया है। बंगाल की फाल्टासीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पांडा ने चुनाव आयोग द्वारा फाल्टा सीट पर पुनर्मतदान कराने के फैसले का स्वागत किया है। पांडा ने कहा कि चुनाव आयोग का यह फैसला जरूरी था और इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। पांडा ने यह भी कहा कि 4 मई के बाद जहांगीर खान को जेल में डाला जाएगा।

तमिलनाडु चुनाव

### नतीजों से पहले मतगणना केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात



चेन्नई। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के बाद सोमवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों के बीच केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्राधिकरणों ने सभी 62 मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की है, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सुरक्षित रखी गई हैं और उन्हें सख्त निगरानी में खोला जाएगा।

### चुनावी राज्यों में ड्राई-डे घोषित



नई दिल्ली। सोमवार को मतगणना के दिन भी पूरे दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी, यानी उस दिन भी ड्राई डे रहेगा। यह प्रतिबंध पूरे राज्य में लागू होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश दिया है।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# बीमा क्षेत्र में 100 फीसद विदेशी निवेश की अधिसूचना जारी

### एलआईसी में 20 फीसदी निर्धारित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,






केंद्र सरकार ने बीमा क्षेत्र में सुधार करते हुए 100 फीसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को स्वचालित मार्ग के तहत मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने विदेशी विनिमय प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2026 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की। अब बीमा कंपनियों और उनसे जुड़े मध्यस्थों, जैसे कि बीमा ब्रोकर सहित अन्य में अब 100 फीसद तक विदेशी निवेश स्वचालित मार्ग से किया जा सकेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मामले में विदेशी निवेश की सीमा 20 फीसद ही निर्धारित की गई है। इससे जुड़ा फैसला पिछले साल दिसंबर में संसद द्वारा पारित 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 के बाद लिया गया।

कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट

# कांग्रेस नेता की 3 साल बाद छिनी विधायकी, गणना में कटे 255 वोट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट पर 2023 के चुनाव परिणामों को लेकर चल रहा विवाद एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती में कांग्रेस के मौजूदा विधायक टीडी राजेगौड़ा को बड़ा झटका लगा है। री-काउंटिंग के बाद उनके वैध वोटों की संख्या में भारी गिरावट आई है जिससे भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज अब 52 वोटों की बढ़त बना चुके हैं। चुनाव में कांग्रेस के राजेगौड़ा ने भाजपा के जीवराज को मात्र 201 वोटों के बेहद कम अंतर से हराया था। भाजपा उम्मीदवार ने वोटों की गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट के आदेश पर जब पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती हुई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कांग्रेस विधायक के 255 वोट अवैध पाए गए, जिससे उनका कुल आंकड़ा गिर गया। उनका आंकड़ा 569 से गिरकर 314 पर आ गया।



पुलिस से झड़प मामले में दर्ज हुई थी एफआईआर

# सीएम मान समेत आप नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया चंडीगढ़ प्रशासन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पुलिस से झड़प और डीसी के आदेशों का उल्लंघन करने के मामले में चंडीगढ़ प्रशासन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 6 साल पहले भगवंत मान, हरपाल चीमा, अमन अरोड़ा समेत आम आदमी पार्टी के दर्जनों नेताओं के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया था।पिछले साल इन नेताओं को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी।

आप के कई नेताओं के खिलाफ दर्ज था मामला



### महिला कांस्टेबल की शिकायत पर कार्रवाई

यह मामला 10 जनवरी 2020 को सेक्टर-3 थाना में तैनात एक महिला कांस्टेबल की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आम आदमी पार्टी के नेता बड़ी संख्या में तत्कालीन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।आरोप था कि प्रदर्शन के दौरान कुछ व्यक्तियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की।

## दहेज हत्या में पति गिरफ्तार, सीढ़ियों से गिरने की कहानी निकली झूठी

### शादी के डेढ़ साल बाद संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना की आसरा कॉलोनी में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पति द्वारा दी गई सीढ़ियों से गिरने की जानकारी गलत थी। बाद में विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। गोमतीनगर निवासी लाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या व प्रताड़ना की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उनका आरोप है कि उनकी 27 वर्षीय पुत्री सलोनी सिंह की शादी 2 दिसंबर 2024 को अरुण कुमार यादव से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।



**फ्लैट से दबोचा गया आरोपी**

पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी पति अरुण कुमार यादव (35) को वृंदावन योजना स्थित आसरा एन्क्लेव के फ्लैट से गिरफ्तार किया। डीसीपी दक्षिणी के निर्देशन में गठित टीम ने कार्रवाई की।

**कहासुनी के बाद कमरे में गई थी सलोनी**

पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना की रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद सलोनी कमरे में चली गई और दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो वह दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली।

**गलत जानकारी देकर गुमराह करने का आरोप**

आरोप है कि घटना के बाद पति ने मायके पक्ष और पुलिस को सीढ़ियों से गिरने की झूठी जानकारी दी। मृतका के परिजनों ने इसे साजिश बताते हुए दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

**मैसेज और फोटो की जांच**

पुलिस के अनुसार, फांसी लगाने से पहले विवाहिता द्वारा पति को भेजे गए एक फोटो और माफी के संदेश की भी जांच की जा रही है। मौके से गहरे गुलाबी रंग का दुपट्टा बरामद हुआ है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी नजर**

इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में खड़ी कार में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पारा थाना क्षेत्र के खुशहालगंज निवासी मनोज कुमार ने सरोजनी नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनोज कुमार के मुताबिक उनकी स्विफ्ट डिजायर कार को सरोजनी नगर के शांति नगर निवासी विशाल यादव चलाते थे और वाहन को अपने घर के पास ही खड़ा करते थे। पीड़ित का कहना है कि 27 अप्रैल 2026 की रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने कार में आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने पर विशाल यादव के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक वाहन को काफी नुकसान हो चुका था। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजनौर के बल सिंह खेड़ा निवासी आदित्य प्रकाश ने शिवगढ़ रिसॉर्ट, मस्तीपुर निवासी आशुतोष यादव, बिजनौर के जीतू उर्फ गीतू और सुजीत चौरसिया नामक व्यक्ति के खिलाफ प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदित्य प्रकाश के मुताबिक वह प्लॉट खरीदने के लिए राजधानी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय गया था। वहां आशुतोष यादव ने खुद को कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि और एक राजनीतिक दल का नेता बताते हुए उसे बिजनौर परगना स्थित भूमि का प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि आशुतोष यादव, विक्रेता जीतू उर्फ गीतू और कंपनी कर्मचारी सुजीत चौरसिया ने मिलकर 22 अक्टूबर 2020 को उसे 1400 वर्गफीट जमीन का बैनामा करा दिया, लेकिन वास्तविक कब्जा नहीं दिया गया। बल्कि पीड़ित को खसरा संख्या बदलकर दूसरी भूमि पर कब्जा दे दिया, बाद में पता चला कि अवैध कब्जा दे दिया गया। दो वर्ष बाद आरोपियों ने जमीन खाली करने का दबाव बनाते हुए पैसा वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो रकम लौटाई और न ही वैध जमीन दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने धमकियां भी दी।

## शिक्षा मित्रों का गोरखपुर में कल सम्मान करेंगे सीएम योगी

लखनऊ। योगी सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के बाद अब उनके सम्मान को भी प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इस पहल को प्रदेशव्यापी स्वरूप देते हुए पांच मई को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। 18,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय के साथ लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि शिक्षा व्यवस्था की नींव को मजबूत करने वाले शिक्षामित्रों को अब उचित पहचान और संबल मिल रहा है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से ही बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलना शुरू हो चुका है और अब पांच मई को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से मुख्यमंत्री इसके औपचारिक शुभारंभ के साथ शिक्षामित्रों से संवाद भी करेंगे। सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम के समानांतर सभी जनपदों में भी आयोजन कर इसे व्यापक रूप दिया जाएगा। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों के लिए लिया गया यह निर्णय अब पूरी तरह लागू हो चुका है।

## मीडिया स्वतंत्रता दिवस पर नए प्रेस कार्यालय का शुभारंभ, निष्पक्ष पत्रकारिता का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मीडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काकोरी सर्किल क्षेत्र में रविवार को पत्रकारों द्वारा एक नए प्रेस कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें क्षेत्र के पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में सपा नेता राजबाला रावत, सी.एल. वर्मा, विजय श्री गौतम, इब्राहिम मंसूरी, सोनू कन्नौजिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया और एकजुट होकर निष्पक्ष, निर्भीक व स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार के.के. शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकारों को बिना किसी दबाव के स्वतंत्र माहौल में काम करने का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज तक सच्ची और निष्पक्ष जानकारी पहुंच सके। पत्रकार राजेश रावत ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया एक ऐसा क्षेत्र है, जहां से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनती है। उन्होंने यह भी कहा कि कई उदाहरण ऐसे हैं, जहां पत्रकारिता से जुड़े लोग आगे चलकर बड़े राजनीतिक पदों तक पहुंचे और देश-प्रदेश की सेवा की। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि काकोरी क्षेत्र में पत्रकारों द्वारा प्रेस कार्यालय की स्थापना गरीब और जरूरतमंदों की आवाज को मजबूती देने का कार्य करेगी। इसके लिए उन्होंने सभी पत्रकारों को बधाई दी। कार्यक्रम में पत्रकार आलोक कश्यप, पंकज विश्वकर्मा, विनय कौशिक, रेहान शेख, नवाब अली, फाज़िल अहमद सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे हमेशा निष्पक्ष, निर्भीक और स्वतंत्र पत्रकारिता के मूल्यों का पालन करेंगे।

## एक मंच पर समाधान, संवाद और सहयोग–डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनकल्याण की सशक्त पहल

### विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की पहल - जनसुनवाई से जनसेवा तक - 166वें 'आपका विधायक आपके द्वार' शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा और युवाओं पर विशेष फोकस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। जनसेवा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरोजनीनगर के मजरा गंगाबक्स खेड़ा, ग्राम पंचायत बरकताबाद (मंडल खुशालगंज) में साप्ताहिक ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्ल शिविर का सफल आयोजन किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग का प्रभावी माध्यम बना। शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया। इस पहल का उद्देश्य केवल शिकायतें एकत्र करना नहीं, बल्कि हर समस्या का त्वरित, पारदर्शी और



प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विकास कार्यों–रोड एवं नाली निर्माण (3), आवास योजना (4), राहत आपदा (3), स्कूल सौंदर्यीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, विधवा पेंशन, साइकिल वितरण, विद्यालय उच्चीकरण एवं नाला निर्माण–से संबंधित कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत आयोजित नेत्र जांच शिविर में 66 वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 40 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ किया है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं–साक्षी रावत (10वीं, 71.3%), अंशू (12वीं, 51.2%), देवांश तिवारी (12वीं, 73.3%) एवं रिशी कुमार (10वीं, 62.7%)–को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की प्रेरणा को बल मिला। युवा सशक्तिकरण की दिशा में 116वें गर्ल्स यूथ क्लब एवं 180वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया। इन क्लबों के माध्यम से युवाओं को संगठित कर उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर सेक्टर संयोजक नीरज, प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, उमाशंकर तिवारी, सुरेश रावत, मधु सिंह, गुड़िया सिंह, राम रानी, सुधा देवी, गीता देवी, केतकी, विमला देवी, ज्ञानमती, रामदुलारी, देवांश तिवारी, तृप्ति तिवारी, रूबी तथा मोहम्मद सलीम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मधवापुर क्रिकेट टूर्नामेंट में घोला टीम विजेता, 20 रनों से दर्ज की जीत





अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद इलाके के मधवापुर गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मधवापुर और घोला टीम के बीच खेला गया, जिसमें घोला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 रनों से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए घोला टीम ने 224 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में मधवापुर की टीम 204 रन ही बना सकी और मैच हार गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द के भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी दिनेश कुमार रावत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को बल्ला, स्टंप और गेंद देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि हारी हुई टीम को भी बैट देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार रावत का विशेष योगदान और सहयोग रहा।

## बूथ मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगा: धर्मपाल सिंह

अमन लेखनी समाचार

- संगठन के बूथ सशक्तीकरण, कार्यकर्ता सक्रियता एवं जनसंपर्क को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजियाबाद में पश्चिम क्षेत्र एवं अलीगढ़ में ब्रज क्षेत्र की बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन के बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ता सक्रियता एवं जनसंपर्क को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए। बैठकों में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं सभी मंडलों के प्रवासियों के साथ संगठन की बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका सुदृढ़ संगठनात्मक ढांचा है, जिसकी नींव मजबूत बूथ इकाई पर खड़ी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि बूथ मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगा और यही चुनावी सफलता का आधार बनेगा। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और उनकी सक्रियता से ही पार्टी की विचारधारा, नीतियां और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण वर्गों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति और जनसंपर्क के कौशल से सुसज्जित किया जाता है। इसलिए आगामी प्रशिक्षण वर्गों को सुव्यवस्थित, अनुशासित और परिणामोन्मुखी बनाया जाए।

## अल्पसंख्यकों पर जुल्म करने वालों को सत्ता से बाहर करेंगे

### अल्पसंख्यक समाज ने देश की आजादी में कुर्बानी दी: अविनाश पांडे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यक समाज सम्मेलन में रविवार को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस पूर्व विधायक सोहेल अंसारी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अस्पताल से वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित किया और दोगुनी ताकत से वापस आने का भरोसा दिया।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने भाजपा सरकार को अल्पसंख्यक समाज और मुसलमानों पर अत्याचार करने वाली सरकार बताया। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कांग्रेस आपका अपना घर है, जुल्मी भाजपा सरकार का खात्मा करने को जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि इस देश को बनाने में अल्पसंख्यक समाज



का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, भाजपा मोदी सरकार में अल्पसंख्यकों को जिस प्रकार से हिंदू राष्ट्र के नाम पर एजेंडा चलाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। आज इस मंच से संकल्प लेना होगा, संगठन मजबूत करना होगा उसी से कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ेगा। प्रदेश की 403 सीटों में 143 सीटों पर जो चाह ले परिणाम वहीं होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि जाग जाओ, भाजपा की कायर सरकार जो विदेशी ताकतों के समाने जनता के हितों के मुद्दों पर समझौता कर रही है, और मुद्दों पर बात ना हो इसलिए हिंदू - मुसलमान करके लोगों में जहर बोल रही है, ऐसे लोग कभी देश के हिमायती नहीं हो सकते।

दिल्ली कांग्रेस प्रभारी एवं विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि इस देश को चलाने के लिए 56 इंच के सीने की नही 56 इंच के दिल की जरूरत है जो सिर्फ राहुल गांधी के पास है। बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल नेता शकील अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नींव है आपकी जिम्मेदारी है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करें। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष सोहेल अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती हमेशा इस देश की राजनीति को दिशा देती है, जब-जब उत्तर प्रदेश ने दिशा दी है, देश की राजधानी दिल्ली तक उसकी धमक सुनाई दी है, 2024 में जनता ने संविधान बदलने वालों और समाज को बांटने वालों को मुंह की खानी पड़ी। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि आज सबसे ज्यादा अत्याचार किया जा रहा है इसके पीछे मनुवादी ताकतें हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने अस्वस्थ होने के नाते अस्पताल से ही अल्पसंख्यक सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई को लड़ने का भरोसा दिया। श्री राय ने कहा कि वह पूरी तरीके से स्वस्थ होकर दुगनी ताकत से समाज की सेवा के लिए, अल्पसंख्यक समाज की हक और अधिकार की लड़ाई के लिए वापस आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश में 2027 में अल्पसंख्यक समाज कांग्रेस का साथ देने के लिए तैयार है।

## चित्रकूट में कल्याणकारी योजनाओं से आ रहा व्यापक बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश की वर्तमान सरकार का विजन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों का संबल बनी हैं, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों के जीवन में एक व्यापक सकारात्मक परिवर्तन भी लेकर आई हैं। इसी कड़ी में चित्रकूट जनपद में संचालित समाज कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण पहल मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और वृद्धजन आश्रम जैसी परियोजनाएं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। यह शासन की दूरदर्शिता और जिला प्रशासन की सक्रियता का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली छात्र अपनी आंखों में प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना हकीकत में बदलते देख रहे हैं और असहाय बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रदेश के मेधावी युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम के रूप में उभरी है। प्रदेश सरकार की इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग और उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो संसाधनों के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से दूर रह जाते थे। चित्रकूट के राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी में संचालित इस केंद्र पर वर्तमान में 301 छात्र-छात्राएं सिविल सेवा, जेईई, नीट और अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की गुणवत्ता और सार्थकता का जीवंत प्रमाण श्री दिवाकर सिंह की सफलता में झलकता है। दिवाकर सिंह ने इसी कोचिंग के माध्यम से तैयारी करते हुए उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर समीक्षा अधिकारी के पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया। दिवाकर सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेधा का परिणाम है, बल्कि यह प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त शैक्षिक संसाधनों की उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। उनकी इस सफलता ने चित्रकूट के अन्य ग्रामीण और दूर-दराज के विद्यार्थियों में एक नया आत्मविश्वास भरा है। विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि और सकारात्मक परिणामों को देखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मऊ, मानिकपुर और राजापुर जैसी अन्य तहसीलों में भी इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास स्पष्ट करता है कि शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असमानता को मिटाने के लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। शिक्षा के साथ-साथ समाज का एक अन्य संवेदनशील हिस्सा हमारे बुजुर्ग हैं, जिनके प्रति उत्तरदायित्व निभाना किसी भी कल्याणकारी शासन का आधार होता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धजन आश्रम इसी मानवीय दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। विनायकपुर, विकास खंड कर्वी स्थित यह आश्रम निराश्रित और असहाय बुजुर्गों को न केवल छत प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें ससम्मान भोजन और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के सुखद परिणाम सामने आए हैं। एक 100 वर्षीय वृद्धा, जिन्हें उनके परिजनों की ओर से परित्यक्त कर दिया गया था, को प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित आश्रम तक पहुंचाया। इसके पश्चात प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिजनों को अपनी नैतिक भूल का आभास हुआ और वे उन्हें पुनः अपने साथ ले गए।

## भाजपा न महंगाई रोक सकी और न भ्रष्टाचार: अखिलेश यादव

### पश्चिम बंगाल में दीदी ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा एक झूठ की परत के ऊपर दूसरी परत चढ़ा देते हैं। प्रोपेगंडा भाजपा का टारगेटेड कैम्पेन है। भाजपा न महंगाई रोक पाई और न भ्रष्टाचार। अपने लोगों से मुनाफाखोरी करायी। जिसके कारण महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गयी है। श्री यादव ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने से खाना- पीना, यातायात सब चीज की मंहगाई बढ़ जाती है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की मंशा कभी साफ नहीं रही। आम जनता और महिलाओं को भ्रमित करने के लिए झूठा अभियान चला रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और बेईमानी के सारे रिकॉर्ड टूट गये हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को



लूटा जा रहा है। सरकार लोगों की जेब से पैसा निकाल कर अपने चहेतों की जेब में डाल रही है। स्मार्ट मीटर से बड़े पैमाने पर धांधली और बेईमानी हो रही है। अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है तो ईवीएम कैसे सुरक्षित है। ईवीएम में बेईमानी क्यों नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में दीदी ऐतिहासिक वोटों से जीतेगी, बंगाल में दीदी थी और दीदी रहेंगी।

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हटाने को तैयार है। भाजपा पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर डीजे के जरिए नफरत फैलाने की तैयारी कर रही है। इस बार भाजपा डीजे के माध्यम से चुनाव लड़ेगी।

## हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में टापरों को लैपटाप देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में टापर छात्र-छात्राओं को डिजिटल डिवाइड खत्म करने के लिए लैपटाप देकर सम्मानित किया। बच्चों से उन्होंने कहा कि वे परीक्षाओं की इन सफलताओं से आगे भी बढ़े और दूसरों को भी अपने ज्ञान का लाभ दें। श्री यादव ने कहा कि नेताजी के समय कन्याविद्या धन योजना शुरू हुई थी। लड़कियों की पढ़ाई के लिए 30 हजार रूपए दिए गए थे। 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था होगी। अखिलेश यादव ने लखनऊ में मलिहाबाद की कक्षा 12 की छात्र उन्जिला फातिमा को 97 प्रतिशत अंक आईएससी बोई परीक्षा में हासिल करने पर लैपटाप दिया। क्राइस्ट चर्च कालेज लखनऊ की इंटर में आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98.75 प्रतिशत अंक पाने पर दिव्यांग छात्रा सारा मोईन को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अखिलेश यादव ने लैपटाप दिया। उनके शिक्षक को भी सम्मानित किया गया। सारा मोईन मूक बधिर के साथ अंधता की भी शिकार है लेकिन सभी चुनौतियों को पार करते हुए वह अपने माता-पिता के सहयोग से पढ़ाई में अव्वल रही। गुरूजी पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता ही सब कुछ नहीं, जीवन में दूसरों के काम आने को सार्थक होना मानते हैं। मेरठ के सरधना क्षेत्र से विधायक अतुल प्रधान के सौजन्य से आज जिला मेरठ के टॉपर हाईस्कूल के 13 और इंटरमीडिएट के 12 छात्र-छात्राओं को भी अखिलेश यादव ने लैपटॉप दिया। इनके अतिरिक्त लखनऊ की अनन्या यादव को राजनीतिक विज्ञान में 100 में 100 नम्बर पाने के लिए और सीतापुर की अंकिता यादव को इंटर में प्रदेश में 5वां स्थान पाने पर लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोहिबुल्ला नदवी सांसद, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, विधायक रविदास मेहरोत्रा, प्रभु नारायण विधायक, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, उत्तर लखनऊ पूजा शुक्ला उपस्थित रहीं।



## 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का उद्घाटन आज

**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को प्रदेश के 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। श्री सिंह राजधानी के बादशाहबाग स्थित पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं बेहतर देखभाल की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे गोसंरक्षण केंद्रों की संख्या एवं उनकी सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इन नवस्थापित वृहद गोसंरक्षण केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर गोवंश के लिए सुरक्षित आश्रय एवं समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

# संक्षेप

## कोठरी में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र की ग्राम सभा कुंदनपुर के मजरा कुशहा निवासी बबलू त्रिवेदी जिनका पास के नगर हिंदू नगर में सबमर्सिबल बोर था अज्ञात कारणों से दोपहर में आग लग गई जिससे समर बोर की कोठरी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया साथ ही खेत मे जाने वाली पाइपे भी जल कर राख हो गई। बबलू त्रिवेदी ने बिजली विभाग की लापरवाही बताई है। उनका कहना है बिजली के तार बिल्कुल खेत के नजदीक से गुजर रहे हैं कई बार भटनखेरा पावर हाउस में शिकायत करने के बाद भी तार ठीक नहीं किए गए। बबलू ने विद्युत विभाग के सक्षम अधिकारी से तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर तारों की कसाई की मांग की है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर स्थित सिरधरपुर गांव के पास रविवार दोपहर करीब 1 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों में से दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल सीएचसी बांगरमऊ से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। तीसरे घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरदोई जनपद के हरपालपुर निवासी 24 वर्षीय आकिल पुत्र निजामुद्दीन अपनी ससुराल सिरधरपुर जा रहे थे। तभी बांगरमऊ थाना क्षेत्र के बेहटा कच्छ गांव निवासी 25 वर्षीय ज्ञानसिंह पुत्र शिवराज और 20 वर्षीय अमित पुत्र प्रसादी अपने गांव से एक्सप्रेसवे की ओर जा रहे थे।इसी दौरान एक बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में घायल हुए तीनों युवकों में से दो की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, चार घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ मार्ग पर आसत गांव के पास रविवार दोपहर करीब 12 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार युवक घायल हो गए।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों में से एक बाइक पर सवार तीन युवकों को पहले सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।वहीं, दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों घायल युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पट्टी निवासी शादाब (20 वर्ष) पुत्र नबी हुसैन अपने गांव के दो भाइयों नूर आलम (18 वर्ष) और शेखू (22 वर्ष) पुत्रगण मुशीर को तकिया चौराहे से बांगरमऊ छोड़ने आ रहा था।इसी दौरान लखनऊ मार्ग स्थित आसत गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई।

# रेलवे द्वारा स्लीपर बदलने का कार्य तेजी से जारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेल रूट पर रेलवे द्वारा स्लीपर बदलने का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्य के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली, मुंबई, झांसी और फरुर्खाबाद जैसे प्रमुख रूटों पर चलने वाली कई ट्रेनें इससे प्रभावित हुई हैं, जिससे यात्रियों की यात्रा योजनाएं बाधित हुई हैं।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य ट्रैक की मजबूती और ट्रेनों की सुरक्षित व तेज आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पुराने और जर्जर स्लीपरों को हटाकर नए एचएनबी स्लीपर लगाए जा रहे हैं, जिससे ट्रैक की गुणवत्ता में सुधार होगा



और भविष्य में ट्रेनों की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस कार्य को जल्द पूरा करने के लिए 200 से अधिक रेलवे कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों की एक टीम लगातार ट्रैक पर मौजूद है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न किया जा सके। रेलवे विभाग ने बताया कि स्लीपर बदलने का यह कार्य अगले तीन से चार दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद डाउनलाइन पर ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से बहाल हो जाएगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि स्लीपर बदलने के बाद गंगा पुल पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। यदि योजना सफल रही, तो आने वाले समय में तेजस, शताब्दी सहित अन्य प्रमुख ट्रेनें इस रूट पर अधिक गति से चल सकेंगी, जिससे यात्रा का समय कम होगा। हालांकि, वर्तमान में ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेलवे ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह अस्थायी असुविधा भविष्य में बेहतर और सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

# जिला न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को किया गया रवाना

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर से एक प्रचार वाहन को रवाना किया गया, जिसे जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-क ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को लोक अदालत के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। यह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आमजन तक पहुंचेगा और उन्हें सुलह-समझौते के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित निस्तारण कराने के लिए प्रेरित करेगा। वाहन तहसीलों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी जाकर लोगों को लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। इसका लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को इस न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ना है। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरल, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें आपसी सहमति से विवादों का निपटारा किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है और न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। जिला न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-क ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाएं। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण, बिजली बिल, पारिवारिक विवाद और दुर्घटना दावा सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है।इस अवसर पर कई न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पराविधिक स्वयंसेवकों ने भी इस जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों को लोक अदालत के फायदों के बारे में बताया।

# अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी का मनाया गया जन्मोत्सव


अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी उन्नाव। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी का जन्मोत्सव उनके पैतृक गांव चंद्रिका खेड़ा में मनाया गया। जहां उनके परिजनों व गांव वालों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने स्वतंत्रता संग्राम में लखनऊ के झंडेवाला पार्क में एक घसियारे का वेश धारण कर पहुंचे थे और तिरंगा झंडा फहराया दिया था वहीं अंग्रेजों की गोली से शहीद हुए थे। रविवार को उनके गांव चंदिका खेड़ा में बने उनके स्मारक स्थल पर लगी प्रतिमा और सी एच सी में लगी प्रतिमा पर लोगों ने फूल माला पहना कर उनका जन्मदिन मनाया और उनके देश की स्वतंत्रता पाने के लिए दिए गए बलिदान को याद किया।इस मौके पर महादेव लोधी, भैया लाल, सूबेदार, मनोज कुमार, राजेश, मोतीलाल, अवधेश आदि समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक किशोर की मौत साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना शुक्लागंज स्टेडियम के सामने हुई, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो किशोरों को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान ऋषि नगर, गंगाघाट थाना निवासी दिलीप कुमार मिश्रा के पुत्र अंश मिश्रा (16) के रूप में हुई है।बताया गया कि अंश अपने दोस्त पवन के साथ बाइक से पार्क घूमने जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंश मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि पवन भी बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने अंश को मृत घोषित कर दिया। घायल पवन का इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।अंश मिश्रा सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था और पढ़ाई में होनहार बताया जाता है। परिवार के अनुसार, वह घर का इकलौता बेटा था। उसकी मौत के बाद परिवार में गहरा शोक है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हादसे के जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

# नेत्र शिविर में 51 रोगियों को आपरेशन के लिए किया गया चिन्हित



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को लगने वाले नेत्र शिविर में सत्तर नेत्र रोगियों का परीक्षण शंकरा आई हॉस्पिटल के कुशल नेत्र चिकित्सक डॉक्टर अनुज सैनी के नेतृत्व में टीम ने करते हुए 51 रोगियों को आपरेशन हेतु चिन्हित किया जिनके आपरेशन निःशुल्क विधायक द्वारा कराए जाएंगे शिविर में विधायक दिवाकर ने पहुंचकर सभी आए हुए लोगों की कुशल क्षेम जानी जबकि शिविर को सफल बनाने में उनके सहयोगी बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया, राजू चौहान, दीपक विमल, अनुपम गौड़ आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

# मां चंडिका देवी क्रिकेट क्लब का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव कल्याणपुर द्वितीय में आयोजित मां चंडिका देवी क्रिकेट क्लब का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भोजपुर व पाटन क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया। भोजपुर क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भोजपुर की टीम निर्धारित 10 ओवर में 91 रन बना कर आल आउट हो गई। बैट्समैन इन्दू ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। पाटन टीम के बालर सचिन ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाटन क्रिकेट टीम ने सात ओवर में 43 रनों मे सिमट गयी। भोजपुर टीम ने 48 रनों से जीत दर्ज किया। मैन आफ द मैच भोजपुर





टीम के खिलाडी इन्दू को मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका रोहित सिंह व मोनू यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से दिलीप सिंह, पप्पू रोहित सिंह, जितेश सोनी, रामचंद्र, अंशू सिंह, राहुल सिंह, गोपाल मिश्रा, राजन सिंह, उत्कर्ष सिंह, सर्वेश सिंह, शैलेश आदि रहे।

# नाले की खुद ाई कर छोड़ा खुला जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका की घोर उदासीनता झलकती दिख रहे है प्रमुख मार्ग किनारे एक नाले की खुदाई कर खुला छोड़ दिया गया है जिससे आमजन त्रस्त बना हुआ है कि जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे हुए है। ज्ञात हो नगर पालिका द्वारा नगर के अस्पताल रोड के निकट मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग किनारे बने नाले की खुदाई कराई गई किंतु करीब एक सप्ताह से भी ज्यादा समय गुजर गया किंतु यहां पर कोई कार्य शुरू नहीं हो सका जिससे प्रमुख मार्ग किनारे खुला नाला हादसों को दावत दे रहा है साथ ही फुटपाथ पर जमा की गई मिट्टी से आवागमन भी प्रभावित हो रही है।इस खुले नाले में भीषण गंदगी के जमा होने से उत्पन्न होने वाली बदबू से आसपास के दुकानदारों सहित राहगीरों को भी मुसीबत बनी हुई है।साथ ही कई



दुकानों के सामने खुला नाला व जमा मिट्टी से ग्राहकों का आना बंद होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है।किंतु तानाशाह के रूप में नगर पालिका कुछ खुदाई के बाद तमाम मुसीबतें उत्पन्न कर लापता नजर आती दिख रही है।

# पति-पत्नी के 17 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं विनी सिंह क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना अजगैन से 04, थाना पुरवा व थाना अचलगंज से 02-02, थाना कोतवाली सदर, थाना आसीवन, थाना बीघापुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, अबरार हुसैन प्रभा यादव एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अवसार अली, सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा, महिला आरक्षीगण नीतू सिंह, चिंतन, साधना, मीनू, अंकित, टीटू, करिश्मा, सीमा, पूजा यादव, प्रियंका मिश्रा, राखी राघव का विशेष योगदान रहा।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहीखेड़ा गांव में शराब के पैसे न देने पर टेंट व्यवसाई पर डंडों से हमला कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।जहां छह दिन बाद बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहीखेड़ा गांव निवासी सुरेश लोधी (48) 27 अप्रैल को गांव से करीब 200 मीटर दूर स्थित शारदा नहर के किनारे अपनी टेंट की दुकान से घर खाना खाने जा रहे थे। रास्ते में उनके पारिवारिक चाचा शिवकुमार ने उन्हें रोक लिया और शराब पीने के लिए रुपये मांगे। सुरेश द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उन पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पर पहुंचे पुत्र प्रेम कुमार ने घायल पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उन्हें लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक के पुत्र प्रेम ने बताया कि उनके पिता टेंट हाउस का काम करते थे। परिवार में पत्नी मंजू, चार बेटियां सीता, संगीता, सुषमा और गुड़िया तथा दो बेटे प्रमोद और प्रेम हैं। बेटी सुषमा की शादी अभी नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि बेटे की तहरीर पर पहले मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें धाराएं बढ़ा कर जांच की जा रही है।

# ब्लाक परिसर में नहीं चौकीदार की तैनाती

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। निवर्तमान चौकीदार रहे राममोहन मिश्रा की सेवानिवृत्त होने के 8 माह बाद भी ब्लॉक में चौकीदार की तैनाती न होने से ब्लॉक मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। हालात यह है कि रात में ब्लॉक परिसर में लाइट व्यवस्था की भी मुस्तैदी सिर्फ नाम मात्र ही है।

बिछिया विकास खण्ड परिसर में चौकीदार के पद पर पूर्व में तैनात रहे राम मोहन मिश्रा की सेवानिवृत्त के करीब 8 माह बीतने के बावजूद भी चौकीदार की तैनाती न होने से ब्लॉक परिसर में दिन रात सन्नाटा पसरा रहता है। हालात यह है कि सुबह 10 बजे ब्लॉक खुलने के समय व शाम 5 बजे तक अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों के रहने तक ही सुरक्षा है। बाकी शाम 5 बजे के बाद पूरी रात ब्लॉक मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। हालात यह है कि परिसर में पूर्ण रूप में लाइट की भी व्यवस्था नही है। कुछ परिसर में ही लाइट होती है बाकी सन्नाटा पसरा रहता है। इस मामले को जानबूझकर बई विभागीय जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने बैठे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूर्व में भी ब्लॉक परिसर में चौकीदार न होने से मुख्यालय परिसर स्थित एडीओ पंचायत कार्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने माल पार कर दिया था। यह घटना ब्लॉक में चौकीदार के न्होने से ही घटित हुई थी। चोरी की घटना घटित होने के बाद ही चौकीदार राममोहन मिश्रा की तैनाती की गई थी। हालांकि अब उनकी सेवानिवृत्त होने के करीब 8 माह बीतने के बावजूद भी अभी तक किसी भी चौकीदार की तैनाती नही हुई है।बीडीओ फहद खान ने बताया कि अभी तक किसी भी चौकीदार की तैनाती नही है।

# शारदा नहर में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। सहादतगंज, लखनऊ से जमात में आए बच्चों के समूह में से एक 14 वर्षीय किशोर की शारदा नहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार सुबह औरास थाना क्षेत्र के शोभा खेड़ा स्थित शारदा नहर की है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के अंबर गंज (थाना सहादतगंज) निवासी असाज अहमद (14) पुत्र शावेज अपने आठ साथियों के साथ 1 मई को घर से निकला था। ये सभी लोग लखनऊ के रहीमाबाद स्थित तिरगवां बिलाली मस्जिद में जमात के लिए आए थे। रविवार सुबह करीब 6:30 बजे असाज अपने साथियों शोएब, अरमान, इस्माइल, अजमत, असहज, अखलद, आसीम और अमन के साथ औरास क्षेत्र के शोभा खेड़ा स्थित शारदा नहर में नहाने गया था।



## दोस्त के हाथ से छूटा हाथ

नहाते समय झाल के पास पानी का बहाव बेहद तेज था, जिसकी चपेट में असाज आ गया। उसके साथी शोएब ने उसे बचाने की कोशिश की और हाथ भी पकड़ा, लेकिन पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि असाज का हाथ छूट गया और वह गहरे पानी में समा गया।

## परिजनों ने नहीं की कोई कानूनी कार्रवाई

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानी औरास पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने असाज के शव को बाहर निकाला। हादसे की खबर मिलते ही लखनऊ से परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने औरास पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा ने बताया कि किशोर की मौत डूबने के कारण हुई है और वे इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। औरास पुलिस ने पंचनामा की औपचारिकता के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद वे अंतिम संस्कार के लिए शव को लेकर लखनऊ रवाना हो गए।

## सम्पादकीय

# अब अमेरिका-ईरान में सोशल मीडिया पर जंग

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ा टकराव अब सिर्फ सैन्य या कूटनीतिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई जंग के रूप में सामने आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाजी इस बात का संकेत है कि आधुनिक युद्ध का एक बड़ा हथियार अब शब्द, तस्वीरें और डिजिटल संदेश बन चुके हैं। ट्रंप की हालिया पोस्ट जिसमें "तूफान आने वाला है" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश है। इससे पहले भी वे अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर चुके हैं, जिसमें वे एक असॉल्ट राइफल पकड़े हुए हैं और साथ में लिखा है, 'अब और नहीं, मिस्टर नाइस गाय'। यह भाषा दर्शाती है कि वे खुद को आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तविक ताकत का प्रदर्शन है या कमजोर पड़ती रणनीति को छिपाने का प्रयास? ट्रंप वैसे भी सोशल मीडिया पर प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए जाने जाते हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी ट्रंप ने कई बार कहा कि इस जंग में कई विमान मार गिराए हैं, लेकिन कभी यह नहीं बताया कि ये लड़ाकू विमान किसके थे। अब करीब सालभर बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि इस युद्ध में पाकिस्तान के 11 फाइटर जेट क्रैश हुए थे। ऐसे दावे न केवल भ्रम फैलाते हैं, बल्कि सुरक्षाबलों के मनोबल को कमजोर करते हैं। ईरान युद्ध में ट्रंप जिस तरह से बैकफुट पर दिख रहे हैं, उससे साफ है कि अब उनके हाथ में बहुत पत्ते नहीं रह गए हैं। अपनी आदत के अनुरूप वह युद्ध में खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं, इसलिए सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। पेजेश्कियान का बयान कि अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी असफल होगी, सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उन्होंने 'नेशनल पर्शियन गल्फ डे' के मौके पर कहा कि इस तरह की नाकाबंदी अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। यह जल्द ही 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता मुर्तजा खामेनेई ने भी अमेरिका को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि फारस की खाड़ी में उनके लिए जगह केवल समुद्र की तलहटी है। वहीं, स्वतंत्र पर्यवेक्षकों का कहना है कि ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसिस को भारी नुकसान पहुंचाया है और उसके सभी हथियारों को नष्ट कर दिया है। इन बेसिस को दोबारा बनाने में अरबों डॉलर खर्च होंगे। अब अमेरिका यहां यूरोप और एशिया से हथियार ला रहा है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को कमजोर समझकर बहुत बड़ी गलती कर दी है। ईरानी नेतृत्व अब ट्रंप के दावों का मजाक उड़ा रहा है और तंज कस रहा है कि होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया को नुकसान हो रहा है। आखिरकार, सवाल यह उठता है कि क्या सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही यह जंग किसी वास्तविक समाधान की ओर ले जाएगी, या सिर्फ हालात को और बिगाड़ेगी? आज जरूरत है संयम और जिम्मेदार कूटनीति की, क्योंकि डिजिटल दुनिया में बोले गए शब्द भी कभी-कभी असली गोलियों से ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं।



बंगाल चुनाव

प्रमोद भार्गव

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

# घुसपैठ से मुक्ति के लिए बदलाव की लहर

इस बार पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। दरअसल असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। कई जिलों में मुस्लिमों की आबादी 90 से 95 फीसदी तक पहुंच गई है। इन बदतर हुए हालातों के प्रति नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मतदाताओं को जागरूक किया। हिंदू संदेशखाली और आरजीकर में हुए महिला दुष्कर्मों के चलते ध्रुवीकृत हुए। भाजपा ने इन मुद्दों को भुनाने की दृष्टि से आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई डॉक्टर की मां रत्ना देबनाथ को और संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्र को उम्मीदवार बनाया था। इन महिलाओं की उम्मीदवारी से बंगाल की महिलाओं में संवेदना जगी और बदलाव की लहर बनाने में उनकी प्रमुख भागीदारी रही। इन सब बिंदुओं के उभार ने बंगाल में कुल मतदान को 92.47 प्रतिशत तक पहुंचाकर लोकतंत्र की गरिमा को महिमामंडित करने का काम कर दिया। इसी का परिणाम है कि छह में से पांच एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं।

ये पोल असम में दूसरी बार भाजपा को एकतरफा जीत का ऐलान कर रहे हैं। वहीं, तमिलनाडु में द्रमुक की जीत लगभग तय है। केरल में कांग्रेस को हरी झंडी दिखाई है। पुडुचेरी में भाजपा को कांग्रेस से बहुत आगे बता दिया है। अर्थात पांच राज्यों में से तीन में भाजपा का डंका बजने जा रहा है। मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्षन लिया। इस कारण लंबे समय तक अराजक तत्वों द्वारा मतदान रोकना संभव नहीं हो पाया। किसी भी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही केंद्रीय बलों के जवान उसे नियंत्रित करने में सफल दिखे। पहली बार अमल में लाई गई त्वरित प्रतिक्रिया दल ने भी अपने दायित्व का पूर्ण रूप से दायित्व का पालन किया। बावजूद सच्चाई का पता चार मई को आने वाले परिणामों से ही चलेगा। बंगाल के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि न तो बमों के धमाके हुए और न ही बंदूकों से गोलियां गरजीं। अतएव न रक्त बहा और न ही कोई मौत हुई। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो स्वतंत्र मतदान शांतिपूर्ण रहा। ऐसा 2.40 लाख सैन्य बलों की तैनाती के चलते संभव हुआ, इसीलिए बंगाल में पहली बार लगा कि सही मायनों में लोकतंत्र के इस पर्व में सभी समुदाय के लोग सद्भाव के साथ शामिल हुए है। बावजूद बौद्धिक पाखंडी बढ़े मतदान को ममता की वापसी बता रहे हैं। इस बार बंगाल में पिछली बार की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। ये वोट भाजपा के पक्ष में जाते दिख रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के जरिए भी घुसपैठ करके अवैध मतदाता बने करीब 92 लाख मतदाताओं को मत से वंचित कर दिया है। इनमें से बढ़ा प्रतिशत



तृणमूल के समर्थकों का रहा है, क्योंकि ये लोग जानते थे कि भाजपा आई तो बंगाल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए मुस्तैद हो जाएगी। भाजपा चूंकि वामदलों की तरह अनुशासन कार्यकर्ताओं का राजनीतिक दल है। संघ के जमीनी स्वयंसेवकों का भी उसे सहयोग मिलता है। ये लोग अपने दल का अस्तित्व बनाए रखने की चिंता के चलते पार्टी के हितों की रक्षा करने को तत्पर रहते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश है, वहीं एग्जिट पोल अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने का प्रयास है। एग्जिट पोल मतदान के चलते कराए जाते हैं, इसलिए ये वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान माने जाते हैं। अतएव कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्ट और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरूकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तोलना बड़ी भूल होगी? सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है।

मध्यप्रदेश विधानसभा-2023 के चुनाव में लाडली बहना योजना के चलते महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया था, जो भाजपा के पक्ष में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसलिए मध्यप्रदेश में भाजपा चुनाव जीत पाई थी। पारंपरिक नजरिए से मतदान में बड़ी रुचि को सामान्यतः एंटी इनकमबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनावों में बदली है। 2023, 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई, जबकि बंगाल में 2011 में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी। गोया, चुनाव विश्लेषकों और राजनीतिक दलों को अब किसी मुगालते में रहने की जरूरत नहीं है। मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं। बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर देता है।

हालांकि हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। बढ़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण है, जिसके चलते एग्जिट पोल एकतरफा नहीं रह गए हैं, क्योंकि इसके सर्वे के नमूने का प्रतिशत बहुत कम होता है। गोया, इस आधार पर बड़े मतदाता समूह की मंशा की पड़ताल करना और व्यावहारिक नतीजे पर पहुंचना बहुत कठिन काम है। वैसे भी अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रही हैं। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी न किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, जिसे तटस्थ नहीं कहा जा सकता है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

## जन्मदिवस विशेष

शरद मिश्रा

# सर्वप्रिय सबके प्यारे मोहन भैय्या

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि समूचे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता-जनार्दन के लिए संकल्प, समर्पण और समाधान की एक सटीक मिसाल हो सकते हैं। पिछले करीब 40 सालों से जनता में दुःख दर्द में हमेशा काम आने वाले एक सर्वप्रिय नेता की छवि कायम रखते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने देश के अन्य नेताओं को अपने संकल्प, समर्पण से जनहित पर समाधान की जो राह दिखाई है वो अद्भुत, अविश्वसनीय और अविस्मरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल यानी सब के प्यारे मोहन भैय्या लोकतंत्र का संकल्प, समर्पण और सम्पूर्ण समाधान हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगातार 8 बार के विधायक, (1989 से 2023) तक साथ ही हर बार पिछले बार से ज्यादा वोट मार्जिन से जीतना कोई आसान काम नहीं है। 1989 में ही अपने पहले निर्वाचन में अविभाजित मध्यप्रदेश की तत्कालीन सुंदर लाल पटवा की भाजपा सरकार में स्थानीय शासन मंत्री बने बृजमोहन अग्रवाल को अविभाजित मध्यप्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान भी हासिल हुआ। देश में ऐसे कुछ नेता,जनप्रतिनिधि अवश्य हैं, जो अपने निर्वाचन क्षेत्र से पिछले 20, 30 सालों से लगातार जीतते आ रहे हों लेकिन उनके और रायपुर के बृजमोहन अग्रवाल के चमत्कारिक राजनैतिक उत्कर्ष- वैभव की बात करें तो हमें मिलेगा कि बिना किसी जोर दबाव, दबंगई के जनता के मन मस्तिष्क यानी जेहन में जो स्थान बृजमोहन अग्रवाल ने बनाया है वो देश के अन्य नेताओं के लिए अनुकरणीय हो



सकता है। सबके प्रति प्रेम, सहयोग, दोस्ती, मित्रता का भाव बृजमोहन अग्रवाल के व्यक्तित्व की सबसे अहम खासियत है, उसमें समय के साथ लगातार और निखार भी आता जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल 65 पार हो चुके हैं लेकिन ऊर्जा और सक्रियता पर अभी भी 40 के बांके जवान को मीलों पीछे छोड़ देंगे। उनमें अभी भी 15 साल की राजनैतिक मेहनत और सक्रियता पूरी तन्मयता से बाकी है। आधी रात में भी जनता को मदद करने में हमेशा से आगे रहने वाले आपके, हमारे ही नहीं बल्कि सबके मोहन भैय्या यानी बृजमोहन अग्रवाल रायपुर से 2024 की लोकसभा में सांसद बनने के बाद छत्तीसगढ़ पर संसद में लगातार सवाल उठाकर विकसित छत्तीसगढ़ पर केंद्र की मोदी सरकार के लिए और पुख्ता आधार तैयार करने में प्रबल सहयोग कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ पर महीन से महीन बारीक जानकारी रखते हुए उसे राज्य के विकास के लिये बेहतर से बेहतर ढंग से क्रियान्वित करना कोई मोहन भैय्या से सीखे। पत्रकारिता जगत में पत्रकारों के बीच मित्रवत व्यवहार मोहन भैय्या के अंदर पत्रकारिता कौशल का कुशल परिचायक है। खबरों को विषय वस्तु के साथ सटीक ढंग से संपादित करना शायद बृजमोहन अग्रवाल जी से आज के पत्रकारों को सीखना चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल जी की पत्रकारों से दोस्ती भी पूरे देश में चर्चित है। संसद सत्र के दौरान पत्रकारों की बृजमोहन अग्रवाल के नाम पर उत्सुकता इसका प्रमाण है,और मैं इसका प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। चेन्नै, हैदराबाद से दिल्ली होते हुए बनारस, लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल, रायपुर के पत्रकारो में बृजमोहन जी को लेकर एक विशेष लगाव और प्यार देखने को मिलता है।

अविभाजित मध्यप्रदेश में 80 के मध्य दशक में रायपुर शहर की एमजी रोड में कॉग्रेस के तत्कालीन कद्दावर मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को काले झंडे दिखाकर मनमानी सत्ता के खिलाफ अपने अंदर के गुस्से को जाहिर करते हुए जन-मानस में अपने अंदर के नेता को प्रतिष्ठित करने वाले मोहन भैय्या ने 2000 में मध्यप्रदेश की दिग्विजय सिंह सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ के हीरा खदानों को विदेशी कंपनी डिबियर्स को देने का पुरजोर विरोध किया और नतीजन कंपनी के अफसरों को रायपुर एयरपोर्ट से ही वापस लौटना पड़ा। बृजमोहन अग्रवाल को कृषि विभाग का नेतृत्व मिलते ही वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में निरंतर तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस वर्ष ही बृजमोहन अग्रवाल को व्यक्तिगत तौर पर एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड से नवाजा गया। बृजमोहन अग्रवाल के अब तक के अन्य कार्यों में रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, 65,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला भारत में दूसरा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम का रायपुर में निर्माण हुआ। इसके साथ पर्यटन के क्षेत्र में राज्य के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का विकास एवं विभिन्न मोटलों का निर्माण, राज्य के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में होने वाले बड़े-बड़े मेलों को महोत्सव का स्वरूप दिलाने के साथ-साथ राज्य के त्रिवेणी संगम राजिम में विशाल कुम्भ मेले की शुरूआत करना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

युवा पीढ़ी में सार्थक व रचनात्मक राजनीति के प्रति रूझान पैदा करते हुए उनकी अध्ययनशीलता को प्रोत्साहन देने में मोहन भैया की रूचि जग जाहिर है। देर रात तक देश दुनिया और राज्य में जारी राजनैतिक और सामाजिक गतिविधियों का अध्ययन करना बृजमोहन अग्रवाल का दैनिक शगल है।

# समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## मई दिवस

बिहार के पटना में गुरुवार को लेबर डे, जिसे मई दिवस भी कहा जाता है, की एक शाम पहले एक ईंट फैक्ट्री में मजदूर ईंटें ढोते हुए।



## आज की पाती

### विरोधाभासों से परिपूर्ण है ट्रंप की बयानबाजी


अमरीकी राजनीति में बयानबाजी हमेशा से तीखी रही है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दौर में यह प्रवृति एक नए स्तर पर पहुंच गई है। ट्रंप की सोशल मीडिया गतिविधियां अक्सर अचानक, विरोधाभासी और वैश्विक असर डालने वाली होती हैं। एक दिन वे किसी देश की प्रशंसा करते हैं, तो अगले ही दिन उसी देश की आलोचना कर देते हैं। यह केवल भरत ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड, ईरान और यहां तक कि यूरोपीय सहयोगियों के संदर्भ में भी देखा गया है। हाल के वर्षों में ट्रंप के बयानों और नीतियों में यह अस्थिरता और स्पष्ट दिखी है। उदाहरण के लिए, उन्होंने पहले भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की बात कही, वहीं दूसरी ओर कुछ पोस्ट्स और बयानों में भारत की नकारात्मक छवि को बढ़ावा देने वाले विचारों का समर्थन भी किया। इस तरह की बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

*- सुभाष तिवारी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर की प्राचीन वस्तुएं लौटाई

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटायी हैं और कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। इस पर अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था।



## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका



अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ है। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था

## ट्रेंड

### स्नातक होने पर बधाई



पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ उत्तर भारत का प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है और अपने स्नातकों के लिए गर्व का स्रोत है। आप सभी को स्नातक होने पर हार्दिक बधाई।

**- जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मुफ्त एलपीजी कनेक्शन



समाजवादी पार्टी के जमाने में लोग केरोसिन की कालाबाजारी करते थे, और कांग्रेस के शासनकाल में तो एलपीजी सिलेंडर बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। आज देश में 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

**- योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### महिला आरक्षण का समर्थन



लंबे संघर्षों के बावजूद राजनीति में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल के तहत संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया है, जो बेहद खेदजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है; बीएसपी महिला आरक्षण का समर्थन करती है।

**- मायावती**, पूर्व सीएम, उप्र

### सरकार की साख गिरी



श्री गंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहानी पर आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा किया गया हमला राज्य में बढ़ती अराजकता का प्रतीक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए; जनता के बीच सरकार की साख तेजी से गिर रही है।

**- अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

## संक्षेप

### रामलीला मैदान से सिलेंडर वितरण शुरू

**व्यापार मंडल के ज्ञापन पर प्रशासन ने की व्यवस्था**

अमेठी, उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का वितरण आज से रामलीला मैदान में शुरू हो गया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों के बाद प्रशासन ने यह व्यवस्था की है। लगभग डेढ़ महीने पहले, प्रशासन ने अनियमितताओं के आरोप में अमेठी की सबसे बड़ी गैस एजेंसी, प्रकाश गैस एजेंसी को बंद कर दिया था।इसके बाद उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरण के लिए पहले अमेठी शहर से 12 किलोमीटर दूर संग्रामपुर और फिर 26 किलोमीटर दूर रामगंज जाना पड़ता था। इससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने शुरू उपभोक्ताओं की इस परेशानी को देखते हुए, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की थी। प्रशासन ने ज्ञापन का संज्ञान लिया और अमेठी कस्बे में ही गैस सिलेंडर वितरण सुनिश्चित किया। आज से रामलीला मैदान स्थित मानस भवन से उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने शुरू हो गए हैं। वितरण के दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की टीम भी मौके पर मौजूद रही और तेज धूप के कारण उपभोक्ताओं को जलपान कराया। उपभोक्ताओं की परेशानी दूर होने पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उनके अनुरोध पर त्वरित कार्रवाई की, जिससे लोगों को राहत मिली है।

### 170 सड़कों का नवीनीकरण ठप

**बिटुमिन आपूर्ति बाधित, 30 करोड़ की परियोजनाएं प्रभावित**

अमेठी , जिले में 170 सड़कों के नवीनीकरण का काम ठप हो गया है। खाड़ी देशों में चल रहे विवाद के कारण बिटुमिन की आपूर्ति बाधित होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इन 181 किलोमीटर लंबी सड़कों की कुल लागत लगभग 30 करोड़ रुपये है। सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाला बिटुमिन कच्चे तेल से बनता है। खाड़ी देशों में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे मथुरा रिफाइनरी से बिटुमिन की उपलब्धता कम हो गई है। जिले को आवश्यक बिटुमिन की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।जिले में 181 किलोमीटर की 170 सड़कों के लिए 29 करोड़ 50 लाख रुपये का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 13.3 मीट्रिक टन बिटुमिन की आवश्यकता है। बिटुमिन की उपलब्धता होते ही नवीनीकरण का काम फिर से शुरू हो सकेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि खाड़ी देशों में विवाद के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति कम हो गई है, जिससे बिटुमिन की उपलब्धता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मथुरा रिफाइनरी से बिटुमिन की आपूर्ति सामान्य होगी, सड़कों के नवीनीकरण के काम में तेजी आएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में चालक समेत साथी हुए गंभीर घायल, जिला चिकित्सालय रेफर

## इलाज के दौरान एक की हुई मौत से परिजनों में मचा चीत्कार

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर/बहराइच। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना नैनिहा जंगल के पास उस समय हुई जब दोनों युवक अपनी बहन के घर से लौट रहे थे।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया गांव निवासी 22 वर्षीय नागेश पोरवाल अपने 25 वर्षीय साथी अंकित वर्मा के साथ शनिवार को मुर्तियां कोतवाली के मँझरा गांव में अपनी बहन के घर गए थे। जहाँ से लौटते समय उनकी बाइक (यूपी 40 ए. जेड. 6108) को नैनिहा जंगल के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।




राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी मोतीपुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने नागेश पोरवाल को मृत घोषित कर दिया। अंकित वर्मा को सीने में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक नागेश पोरवाल का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूरी की। परिवार में शोक का माहौल है।

मोतीपुर पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि नागेश अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था इसलिए वह सबसे प्रिय था अतएव उसकी दुखद मौत से ग्रामीणों में भी शोक की लहर है।

# 500-500 के नोट बिछाकर सोने वाली लड़की टंकी पर चढ़ी

## चिल्लाकर बोली- जान दे दूंगी; 9 घंटे तक ड्रामा किया; लवमैरिज की थी

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, 500-500 रुपए के नोट बिछाकर सोने वाली 32 साल की पल्लवी सिंह शनिवार दोपहर 1 बजे पानी की टंकी पर चढ़ गई। 50 फीट ऊंचाई से चिल्लाते हुए जान देने की धमकी देने लगी। उसकी आवाज सुनकर सैकड़ों लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उससे नीचे उतरने को कहा। इस पर पल्लवी ने कहा- उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा गलत है। जब तक उसे वापस नहीं लिया जाएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसने 9 घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा किया। रात 10 बजे वह टंकी से नीचे उतरी, जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। मामला शहर से 15 किलोमीटर दूर फाफामऊ इलाके का है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पल्लवी ने मोहम्मद आलम से लव- मैरिज की थी। पति ने उसके खिलाफ फाफामऊ थाने में जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद




पल्लवी ने भी पति के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### एक दिन पहले नोटों के साथ सामने आई थी तस्वीर

पल्लवी सिंह मूल रूप से बलिया की रहने वाली है। अभी फाफामऊ में रहती है। एक दिन पहले उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई थी, जिसमें वह 500-500 रुपए के नोट बिस्तर पर बिछाकर लेटी हुई थी और मोबाइल चला रही थी। शनिवार को दोपहर में एक बजे वह फाफामऊ के बसना नाला के पास बनी 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। वहां मौजूद लोगों को लगा कि युवती फोन पर बात करने गई है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- लड़की सीढ़ी का ताला तोड़कर ऊपर गई है। इसके बाद वहां भीड़ लग गई। इसी बीच एक महिला राहगीर टंकी के ऊपर चढ़कर युवती को समझाने गई। लेकिन युवती ने फेसबुक लाइव शुरू कर दिया। युवती ने कहा- मैं लव जिहाद की शिकार हो चुकी हूं, मैंने गोली खा लिया है। मेरे खिलाफ पुलिस मुकदमा लिख देती है। मुझे मोटिवेट मत करो, यहां से जाओ। इसके बाद कूदने की धमकी देते हुए महिला को भगा दिया।

# एक रात में पुलिस के हत्थे चढ़े आठ वारन्टी

**अमेठी में मुकदमा दर्ज, पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी, पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। सभी गिरफ्तार वारंटियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात संग्रामपुर पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाकर एक महिला सहित कुल आठ वारंटियों को पकड़ा। इन सभी वारंटियों के खिलाफ विभिन्न मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में भवसिंहपुर (कनू) निवासी जमील (75), मुन्नवर (43) और रसीद (65) शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, रामापुर गडेरी निवासी राम प्रकाश (49), डेहरा पूरे शिवपाल निवासी भवानी (65), शुकुलपुर डेहरा थाना निवासी कृष्णदेव शुक्ला (82) और हरदेव शुक्ला (70) को भी पकड़ा गया है। डेहरा गांव की रीता (45) पत्नी छोटेलाल उर्फ सरजू भी गिरफ्तार वारंटियों में शामिल हैं।




# आम आदमी पार्टी नेताओं को कोर्ट का समन

**सुल्तानपुर एमपी एमएलए कोर्ट ने 2014 आचार संहिता मामले में 15 मई को बुलाया**

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता डॉ. कुमार विश्वास और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रियों सत्येंद्र जैन तथा सोमनाथ भारती की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सुल्तानपुर की विशेष एमपी एमएलए कोर्ट ने 2014 के आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में उन्हें तलब किया है। सभी आरोपियों को 15 मई को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा। विशेष शासकीय अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र के बताया, यह मामला 6 मई 2014 का है। उस समय डॉ. कुमार विश्वास अमेठी लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी थे। आरोप है कि चुनाव प्रचार के दौरान तत्कालीन कोतवाल मोहम्मद हमीद ने उन्हें और उनके समर्थकों को क्षेत्र छोड़ने का निर्देश दिया था।चुनाव आयोग के नियमों के तहत, मतदान से 48 घंटे पहले बाहरी व्यक्तियों का निर्वाचन क्षेत्र में रहना प्रतिबंधित होता है। आरोप है कि कुमार



विश्वास और उनके समर्थकों ने, जो वहां के मतदाता नहीं थे, प्रशासन के बार-बार निर्देश के बावजूद क्षेत्र नहीं छोड़ा।

### समन जारी करने का आदेश दिया

इसके बाद पुलिस ने उनके विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में सत्येंद्र जैन और सोमनाथ भारती भी आरोपी हैं।अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र ने बताया कि यह मामला पहले अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा था। हाल ही में इसे विशेष एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में स्थानांतरित किया गया है। अदालत ने मामले का संज्ञान लेते हुए 30 अप्रैल को सभी अभियुक्तों के विरुद्ध समन जारी करने का आदेश दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 मई को नियत की गई है, जिसमें डॉ. कुमार विश्वास, सत्येंद्र जैन और सोमनाथ भारती सहित सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा।

इस अदालती कार्यवाही से स्थानीय राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

# जसवंत सिंह हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी प्रधान पति की पुलिस को तलाश, भ्रष्टाचार की शिकायत से जुड़ा मामला**

**अमन लेखनी समाचार**

सुल्तानपुर , शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भिटौरा में जसवंत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, घटना का मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान पति मान सिंह अभी भी फरार है। शाम जसवंत सिंह अपनी बाइक से बाजार से घर लौट रहे थे। भिटौरा इंटर कॉलेज के पास घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उन्हें रोका और उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जसवंत को पहले लंभुआ सीएचसी, फिर सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज और बाद में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। लखनऊ पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने ग्राम प्रधान पति मान सिंह और उनके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, ग्राम प्रधान के खिलाफ चल रही भ्रष्टाचार की जांच को लेकर पुरानी रंजिश थी। परिजनों ने हमलावरों में प्रधान पति के साथ रामशरण, रामजस, रामसुरेश, नीरज, सूरज और धनंजय के नाम बताए हैं।गुरुवार को परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन भी किया था। पुलिस के लिखित आश्वासन के बाद जसवंत सिंह का अंतिम संस्कार किया गया।



# आंधी-तूफान से जनहानि, पीड़ितों को मिली आर्थिक सहायता

## अमेठी प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर की त्वरित कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी , दोपहर आए आंधी-तूफान से दो लोगों की मौत हो गई। जिला प्रशासन ने इस घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय राहत कार्य में जुटा है जानकारी के अनुसार, तहसील गौरीगंज क्षेत्र में मृतक अंबिका प्रसाद की पत्नी को नियमानुसार चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खाते में अंतरित कर दी गई है। वहीं, तहसील तिलोई क्षेत्र में मृतक मोहित पुत्र गिरजा शंकर के मामले में परिजनों द्वारा शुरूआत में पोस्टमार्टम न कराए जाने और बाद में सहमति देने में देरी के कारण प्रक्रिया में विलंब हुआ। पोस्टमार्टम की कार्रवाई देर शाम लगभग 5 बजे तक चली। पोस्टमार्टम के तत्काल बाद भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय और कोषागार विभाग देर रात तक खुले रहे, ताकि सहायता राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप, सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसके तहत नियमानुसार सभी पीड़ितों को सहायता प्रदान कर दी गई है।




# बच्चों के विवाद में जमकर मारपीट , फायरिंग

## युवक को लगी गोली, पूछताछ के लिए 11 लोग हिरासत में

**अमन लेखनी समाचार**

अलीगढ़ , थाना क्वार्सी क्षेत्र के नगला पटवारी में रात बच्चों के मामूली विवाद में जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। फायरिंग में युवक समीन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर तीन थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, पूछताछ के आधार पर देर रात 11 युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### खेल-खेल में शुरू हुई थी बात

नगला पटवारी स्थित कब्रिस्तान के पास बाबू और समीर के परिवार के बच्चे खेल रहे थे। रात करीब 9 बजे बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। शोर सुनकर दोनों पक्षों के बड़े भी मौके पर पहुंच गए।



शुरूआत में मामला सिर्फ बहसबाजी का था, लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों तरफ से गाली-गलौज और फिर लाठी-डंडे चलने लगे।

### बाजार में मची अफरा-तफरी, युवक को मारी गोली

मारपीट में बाबू को पिटता देख उसके पक्ष के लोगों ने असलहा निकाल लिया। इसके बाद फायरिंग शुरू हो गई। गोली समीर पुत्र शाकिर के पेट में जा घुसी। इससे वह वहीं पर लहूलुहान होकर गिर गया। मारपीट में समीर के परिवार का फैजान और दूसरे पक्ष का बाबू भी घायल हो गया। फायरिंग होने पर लोग अपनी दुकानें बंद कर भाग गए। बाजार में फायरिंग की घटना की जानकारी पर तीन थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घायल युवकों को तुरंत जेएन मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया।

### समीर ने लिया गोली चलाने वाले का नाम

मेडिकल कॉलेज में भर्ती समीर से एसपी सिटी आदित्य बंसल, सीओ तृतीय सर्वम सिंह ने घटना के बारे में जानकारी ली। घायल ने पुलिस को आरोपी का नाम बताया। इसके बाद अधिकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगा दीं। पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से 11 लोगों को हिरासत में लिया है।हत्या की थी साजिशसीओ तृतीय सर्वम सिंह ने बताया कि घटना के बाद 11 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बच्चों के विवाद में हुई यह आकस्मिक घटना है।

# नेपाली व्यक्ति का शव मिला

## मदरसे की छत से गिरकर मौत की आशंका, मजदूरी करते थे

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर ,एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान निगोही के अब्दुल कलाम नगर मोहल्ले के निवासी रामबहादुर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थे। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत मदरसे की छत से गिरकर हुई है। यह घटना निगोही थाना क्षेत्र के अब्दुल कलाम नगर मोहल्ले की है। 50 वर्षीय रामबहादुर पिछले 35 सालों से कब्रिस्तान के पास झोपड़ी डालकर रह रहे थे और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते थे। रविवार सुबह उनका शव मदरसे के पास पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि रामबहादुर मूल रूप से नेपाल के निवासी थे। पुलिस ने उनके नेपाली परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि रात में आई आंधी और बारिश से बचने के लिए रामबहादुर मदरसे की छत पर गए होंगे और किसी कारणवश वहां से गिरकर उनकी मौत हो गई होगी। सीओ सदर प्रयांक जैन ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि रामबहादुर मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थे और नेपाल में रहने वाले उनके परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।



# युवती ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

**प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी थी, परिजनों ने कर दिया था इनकार**

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ , फतनपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर कला गांव में एक 20 वर्षीय युवती का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। युवती की पहचान लक्ष्मी यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, लक्ष्मी यादव रानीगंज स्थित एक कॉलेज में बीए फाइनल की छात्रा थी। उसका रानीगंज थाना क्षेत्र के सेनउआ इमली डांड निवासी संदीप कुमार उर्फ सोनू यादव से पिछले करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करने की जिद पर अड़े हुए थे। बताया जा रहा है कि 30 अप्रैल को लक्ष्मी बगल के खाखापुर गांव स्थित आटा चक्की पर गेहूं पिसवाने गई थी। वापस लौटते समय उसके प्रेमी संदीप ने उसे रास्ते में जबरन रोक लिया और अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा। जब लक्ष्मी ने शोर मचाया, तो युवक वहां से भाग निकला।इस घटना के बाद, लक्ष्मी ने रात को अपने घर के कमरे में दुपट्टे से पंखे में लटककर आत्महत्या कर ली। अगली सुबह, जब परिजनों ने उसे आवाज दी और दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने रोशनदान से देखा। अंदर लक्ष्मी का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला।परिजनों ने तत्काल फतनपुर पुलिस को सूचना दी



# रॉन्ग साइड एंट्री रोकने पर सिपाही पर तलवार से हमला

**उंगली कटी, नाक-कंधे में गहरे घाव, प्रतापगढ़ में 8 टांके लगे, ट्रक चालक अरेस्ट**

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ , यूपी के प्रतापगढ़ में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही पर ट्रक चालक ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सिपाही की एक उंगली कटकर अलग हो गई। नाक कट गई और कंधे पर गहरा घाव हो गया। सिपाही को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उनके कुल 8 टांके लगाए गए। फिलहाल सिपाही की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है सिपाही अरुण मौर्य रात में ट्रैफिक जांच की ड्यूटी में लगे थे। वाहनों को रोक-रोककर दस्तावेज जांचे जा रहे थे। ट्रक चालक ने गलत दिशा में वाहन खड़ा कर दिया। मना करने पर वह सिपाही पर आगबबूला हो गया और हमला कर दिया। घटना जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर नगर कोतवाली क्षेत्र की है मेडिकल कॉलेज में सिपाही अरुण मौर्य के कुल 8 टांके लगाए गए जानिए पूरा मामला... ट्रैफिक सिपाही अरुण मौर्य ने बताया- एसपी के निर्देश पर देर रात प्रयागराज-अयोध्या स्टेट हाइवे पर नगर कोतवाली के सोनवा क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। चिलबिला मार्केट के पास पिकेट तैनात थी। मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज कुमार, आरक्षी अरुण मौर्य और दो अन्य सिपाही तैनात थे। वाहनों को रोक-रोककर दस्तावेजों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान प्रयागराज की ओर हरियाणा नंबर के दो ट्रक नो-इंट्री में घुस गए, जिससे हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। सिपाही अरुण मौर्य ने एक ट्रक को रुकने का इशारा किया, पर ट्रक चालक रफ्तार बढ़ाने लगा, तो सिपाही अरुण ट्रक के सामने खड़े हो गए।इसी बात को लेकर ट्रक चालक और सिपाही के बीच विवाद होने लगा। इससे पहले की दूसरे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचते, ट्रक चालक हरप्रीत सिंह (पंजाब निवासी) ने सिपाही अरुण मौर्य के चेहरे पर तलवार (कृपाण) से हमला कर दिया।



## संक्षेप

### दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**दो युवकों की मौत, आरोपी ड्राइवर फरार; हरियाणा से लौट रहे थे घर**

बागपत ,दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया जानकारी के अनुसार, दोनों युवक हरियाणा के जींद से भूसा लेकर बागपत लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर चला रहा युवक और उसमें सवार दूसरा युवक वाहन के नीचे दब गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान नई बस्ती पुराना कस्बा निवासी शादाब (पुत्र पप्पू उर्फ नईम) और साहिल (पुत्र मुरसलीन) के रूप में हुई है।शादाब के परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं, जबकि साहिल के चार भाई और दो बहनें हैं। दोनों के माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### विक्रांत-राखी हत्याकांड में भाजपा नेता गिरफ्तार

**सहारनपुर ले गई पुलिस, अलग-अलग स्थानों पर मिला था शव**

बागपत , डूडा ऑफिस में तैनात विक्रांत कुमार और राखी कश्यप हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता सुधारस चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद सहारनपुर पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पुलिस टीम सुधारस चौहान को गाड़ी में बैठाकर ले जाती नजर आ रही है। तीन साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है कि विक्रांत कुमार और राखी कश्यप के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों शादी करना चाहते थे।इसी बीच एक पार्टी के दौरान विक्रांत की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विक्रांत का शव 17 अप्रैल को सहारनपुर में मिला था।

### श्रमिकों की समस्याओं पर उठी आवाज

**मुख्यमंत्री के नाम सीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन**

बागपत,बड़ौत में श्रमिक एसोसिएशन ने श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बागपत के माध्यम से सौंपा।इस ज्ञापन में श्रमिकों के अधिकारों और सुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।एसोसिएशन के पदाधिकारियों का आरोप है कि जिले में साप्ताहिक बंदी के आदेशों का ठीक से पालन नहीं हो रहा है। इसके कारण श्रमिकों को उनका निर्धारित साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पा रहा है और उन्हें लगातार काम करना पड़ रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि कई स्थानों पर तय मजदूरी और कार्य के घंटों का भी पालन नहीं किया जा रहा है

# वैदिक मंत्रों के बीच भगवान परशुराम का हुआ महाभिषेक

## पूर्व विधायक की अगुवाई मे समूचे विधानसभा में निकली भव्य शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के कौंह गांव में स्थापित भगवान खेरेश्वर धाम प्रांगण में भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय की अगुवाई में मंदिर प्रांगण अंतर्गत कल मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मानस चर्चा सुंदरकांड संपन्न हुआ वही वैदिक मंत्रों के बीच ऋषि जमदग्नि के पुत्र के रूप में अवतरित हुए भगवान विष्णु के अंश भगवान परशुराम का वैदिक पूजन महा अभिषेक संपन्न हुआ वहीं पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय के मार्गदर्शन पर भार्गव परशुराम जी के स्वरूप की रथ यात्रा बाजे गाजे ढोल नगाड़े डीजे के साथ समूचे विधानसभा में निकाली गई जगह-जगह भगवान परशुराम का पूजन आरती संपन्न हुआ वही पुष्प वर्षा करते हुए जनता जनार्दन ने जय श्री राम जय परशुराम के जमकर जयकारे लगाए रथ यात्रा देवमई विकासखंड से प्रारंभ हुई जो जहानाबाद विधानसभा के बकेवर जहानाबाद अमौली इत्यादि अनेक स्थानों से होकर खेरेश्वर धाम भगवान परशुराम मंदिर परिसर पहुंची

**मुख्य अतिथियों ने पहुंचकर किया भगवान परशुराम का पूजन**

खेरेश्वर धाम प्रांगण में आयोजित भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्षा साध्वी निरंजन ज्योति राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला बिठूर विधानसभा के विधायक अभिजीत सिंह सांगा घाटमपुर विधानसभा की विधायका सरोज कुरील पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या से पधारे विशिष्ट अतिथि संत शिरोमणि शाश्वत जी महाराज का मंच पर आयोजक पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय ने माल्यार्पण अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह आदि भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया वही सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने मंदिर प्रांगण पहुंचकर भगवान परशुराम का वैदिक पूजन संपन्न किया मंच के माध्यम से मुख्य अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने संबोधन में कहा जब-जब धर्म की हानि होती है तब तब ईश्वर को किसी न किसी अंश के रूप में अवतार लेना पड़ता है जिस प्रकार भगवान विष्णु ने नरसिंह श्री कृष्ण श्री राम आदि अवतार लिए वहीं छठवें अवतार के रूप में भगवान परशुराम ने अंशावतार लिया आयोजित कार्यक्रम में सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन प्रस्तुत किये इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमित शुक्ला पूर्व ब्लाक प्रमुख भिठौरा राजेंद्र शुक्ला व्यापार उद्योग मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप गर्ग पूर्व प्रधान भुवन भास्कर द्विवेदी सर्वेश पाण्डेय गोलू उत्तमतिवारी ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विप्र सेवक अनिल त्रिपाठी समेत भारी संख्या में समाजसेवी जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र वासी मौजूद रहे आए हुए सभी अतिथियों एवं क्षेत्र वासियों का पूर्व विधायक आयोजक आदित्य पाण्डेय ने सादर आभार व्यक्त किया।

## पारिवारिक विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

**हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती, देर रात मौत**

अमन लेखनी समाचार

देवरिया , जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के सीसई गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान सीसई गांव निवासी संदीप मौर्य (26) पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब सात बजे परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।इस विवाद के बाद संदीप मौर्य ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के कुछ ही देर बाद संदीप की तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे तत्काल महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया में भर्ती कराया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने युवक का उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत लगातार गंभीर बनी रही। रात करीब 10 बजे उपचार के दौरान संदीप मौर्य की मृत्यु हो गई। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद परिजनों में शोक छा गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## सीसीएसयू के छात्र सहायता केंद्र में लगी आग

**बैंक भी आया चपेट में, फायर ब्रिगेड की कई गाडियों ने घंटों में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में देर रात छात्र सहायता केंद्र में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास स्थित बैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग लगते ही विश्वविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही मेडिकल थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और देर रात तक अभियान जारी रहा। घटना की जानकारी मिलते ही हॉस्टल में रहने वाले छात्र, विश्वविद्यालय कर्मचारी और होमगार्ड भी मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के चलते वे सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर छात्र सहायता केंद्र में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो गए। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।



## पति ने पत्नी की गर्दन काटकर हत्या की

**अफेयर के विरोध करने पर नाराज था, पेपर कटर से काट दिया गला**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सुबह 26 साल की महिला की पेपर कटर से गर्दन काटकर उसके पति ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। हत्या की वजह पति का अफेयर है। जिसकी जानकारी उसकी पत्नी को हो गई थी।सुबह करीब 8 बजे मामले का खुलासा हुआ, जब दंपति की तीनों बेटियां मकान मालिक के पास पहुंचीं और अपने पिता से बात कराने की बात कही। मकान मालिक ने फोन मिलाकर दिया। इसके बाद बच्चियां फोन लेकर दूसरी मंजिल पर चली गईं और बात करते-करते रोने लगीं। उनकी आवाज सुनकर मकान मालिक की पत्नी ऊपर पहुंचीं, जहां उन्होंने महिला का शव देखा। कुछ देर बाद पति साकिब (30) भी मौके पर पहुंचा। पत्नी कौसर का शव देखकर वह फूट-फूटकर रोने लगा। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की है। लिसाड़ी थाना क्षेत्र के मजीद नगर गली नंबर-3 में इसरार उर्फ सोनू रहते हैं। उन्होंने दैनिक भास्कर को बताया- वे टावर का काम करते हैं। वे अपनी पत्नी फराह और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। उनके मकान की दूसरी मंजिल पर साकिब किराए पर रहता है। उसकी पत्नी कौसर गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली थी दोनों की शादी को 7 साल हो चुके थे। उनकी तीन बेटियां हैं- सानिया (6), कुलसुमिनार (4) और इनाया (डेढ़ साल)। सुबह 8 बजे साकिब के बच्चे नीचे उनके पास आए और उनकी पत्नी से कहा कि अब्बू को कॉल करा दो। पत्नी ने मुझसे कहा कि साकिब को कॉल कर दो। तब हमने साकिब को कॉल मिलाकर मोबाइल बच्चों को दे दिया। बच्चे मोबाइल लेकर ऊपर चले गए थे। साकिब से बात करते हुए वे अचानक जोर-जोर से रोने लगे। इस पर मैंने अपनी पत्नी से कहा कि ऊपर जाकर देखें कि बच्चे क्यों रो रहे हैं। मेरी पत्नी जब ऊपर बच्चों को देखने गईं, तो थोड़ी देर बाद उनकी चीखने की आवाज आई। इसके बाद मैं भी ऊपर पहुंचा। वहां जाकर देखा तो कौसर की लाश बेड के नीचे पड़ी थी। इसके बाद तुरंत पुलिस और पड़ोसियों को सूचना दी गई।



कौसर, मृतक

## मोमबत्ती से घर में लगी आग

**ढाई साल के मासूम की जिंदा जलकर मौत, कूलर के ऊपर जल रही थी मोमबत्ती**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रात एक झोपड़ी में आग लगने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। यह घटना खिर्वा रोड स्थित जेवरी नाले के पास बनी झोपड़ियों में हुई।पुलिस के अनुसार, पश्चिम बंगाल निवासी मजदूर युसूफ अली अपनी पत्नी जरीना और बेटे इब्राहिम के साथ झोपड़ी में रहते थे। रात जरीना अपने ढाई साल के बेटे इब्राहिम को सुलाकर कूलर के ऊपर जलती मोमबत्ती छोड़कर पास ही अपने पिता के घर चली गई थीं। इसी दौरान मोमबत्ती असंतुलित होकर गिर गई, जिससे झोपड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मासूम इब्राहिम को संभलने का मौका नहीं मिला और वह झोपड़ी के अंदर ही जिंदा जल गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की चपेट में पास की एक और झोपड़ी भी आ गई, जिसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों झोपड़ियां पूरी तरह जल चुकी थीं। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सीओ दौराला चंद्र प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस बच्चे की मां जरीना बच्चों को झुग्गी में सुलाकर अपने पिता की झुग्गी में चली गई थी। मोमबत्ती कूलर पर लगी हुई थी। मोमबत्ती किसी तरह कूलर से नीचे गिर गई और आग लग गई बच्चे की जिंदा जलकर मौत हो गई है।



## महिलाओं से लूटपाट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद से चोरी का सामान लाकर मेरठ में बेचता था,पैर में लगी गोली**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , इंदिरापुरम पुलिस ने दूसरे दिन फिर से एनकाउंटर में एक बदमाश को दौड़ाकर पैर में गोली मारी है। यह लगातार अपने साथी के साथ गाजियाबाद में लूट कर रहा था। जो यूपी के संभल जिले का रहने वाला है। घायल से पूछताछ में सामने आया है कि महिलाओं से चेन व कुंडल लूट के बाद मेरठ के सुनार को बेच देता था। उसके बाद अपने शौक पूरा करता। पैर में गोली लगने के बाद जाबिर गिड़गिड़ाता रहा, कि अरी मैया मर गया अब लूट नहीं करुंगा। इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात इंदिरापुरम पुलिस व स्वाट टीम वंसुधरा टी प्वाइंट पर चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने सामने से आते एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। जिसने पुलिस को देखकर बाइक दौड़ादी। जहां सड़क किनारे बारिश का पानी भरा होने के चलते बाइक फिसल गई। जिसके बाद आरोपी बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जहां पुलिस ने घेरते हुए दौड़ाकर पैर में गोली मारी संभल का रहने वाला है जाबिर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि घायल बदमाश जाबिर उर्फ जावेद हसन पुत्र साबिर निवासी ग्राम लखौरी जलालपुर थाना नखासा जिला संभल का रहने वाला है। जिस पर संभल और गाजियाबाद में लूट के 6 केस दर्ज हैं। वह अपने साथी के साथ इंदिरापुरम में महिलाओं से चेन व कुंडल लूट रहा था। पुलिस को पूछताछ में बताया कि 22 अप्रैल को वसुंधरा में एक व्यक्ति से चेन लूटी थी। दिल्ली बार्डर पर मार्च में 2 महिलाओं से चेन लूट की घटनाएं की। जिसके बाद चेन को मेरठ में सुनार को बेच देते थे। उसके बाद मौज मस्ती में पैसे उड़ा देते। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक बाइक और तीन कारतूस बरामद किए हैं। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## किसानों की पंचायत में चेतावनी, उखाड़ फेकेंगे स्मार्ट मीटर

**भारतीय किसान यूनियन आजाद का ऊर्जा भवन पर हंगामा, बोले- डिजिटल गुलाम बना रही सरकार**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , स्मार्ट प्रीपेड मीटर का अब किसान संगठनों ने भी खुलकर विरोध शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन आजाद के बैनर तले दर्जनों किसान ऊर्जा भवन पहुंचे और पंचायत की।पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की मनमानी नहीं थमी तो किसान घरों पर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़कर विभाग को सौंप देंगे।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन बालियान के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान ऊर्जा भवन पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इतनी संख्या में किसानों को देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों में खलबली मच गई। उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया इसके कुछ देर बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद किसानों ने पंचायत शुरू कर दी। किसानों पर थोपे ना जाएं स्मार्ट मीटर नितिन बालियान ने कहा कि जब से गांव में स्मार्ट मीटर लगने शुरू हुए हैं, तब से किसान आर्थिक शोषण झेलने को मजबूर हो गया है। उन्होंने कहा जबरन स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। रिचार्ज खत्म होते ही किसान की बिजली गुल हो जाती है।उन्होंने कहा कि जब किसान और मजदूर को मिलने वाला भुगतान डिजिटल नहीं हुआ है तो फिर इन डिजिटल मीटर का क्या मतलब है।डिजिटल गुलाम बनाने की साजिश स्मार्ट मीटर युवा नेता अक्षय रावत ने कहा कि स्मार्ट मीटर देश को डिजिटल गुलाम बनाने की एक बहुत बड़ी साजिश है जिसका हर किसी को विरोध करना होगा। लोकतंत्र की इस व्यवस्था को लूट तंत्र में तब्दील करने का प्रयास हो रहा है। हर कोई यह समझ ले कि इसके द्वारा घर में घुसने की साजिश रची जा रही है।सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची अवकाश के बावजूद काफी संख्या में किसान ऊर्जा भवन पहुंचे थे। इसकी सूचना जैसे ही विद्युत विभाग के अफसर को लगी उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में सिविल लाइन थाने की पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने किसानों से बात की तो वह ज्ञापन देने की बात पर आ गए। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट नवीन कुमार को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सोपे जिसमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर की असवैधानिक अनिवार्यता को समाप्त करने, उपभोक्ता के अधिकारों का संरक्षण करने और कृषि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को मजबूत किए जाने की मांग उठाई गई थी।



## स्कूली बस से कुचलकर बच्ची की मौत

**जिस बस से उतरी उसी ने कुचला, हादसे के बाद ड्राइवर भागा**

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक स्कूली बस की चपेट में आने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बच्ची की पहचान रोशनपुर गांव के रहने वाले अरुण शर्मा की बेटी भूमि के रूप में हुई है। भूमि तालड़ा गांव स्थित एक निजी स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार, छुट्टी के बाद भूमि स्कूल बस से घर लौटी थी।आरोप है कि घर के पास बस से उतरने के बाद जैसे ही भूमि घर की ओर बढ़ी, उसी स्कूल बस ने उसे कुचल दिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया है कि स्कूल बस में चालक के अलावा कोई हेल्पर मौजूद नहीं था, जिससे बच्चों को सुरक्षित उतारने और सड़क पार कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला कोई कर्मचारी नहीं था। परिजनों का कहना है कि चालक ने लापरवाही से बस आगे बढ़ा दी

## फॉर्म हाउस के नाम पर 78 लाख ठगे

**1.37 करोड़ में तय हुआ था सौदा, पुलिस कर रही मामले की जांच**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , डूब क्षेत्र में फॉर्म हाउस दिलाने के नाम पर 78 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। गाजियाबाद के रहने वाले कारोबारी ने नोएडा के रहने वाले व्यक्ति समेत दो लोगों पर 78 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। दोनों के खिलाफ फेज दो थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गाजियाबाद कवि नगर के रहने वाले गजेन जैन ने 2022 में अपने मौसेरे भाई संकल्प जैन के साथ मिलकर फार्म हाउस खरीदने की योजना बनाई थी। वह नोएडा में फार्म हाउस तलाश रहे थे। इस बीच उनका संपर्क सेक्टर 93 स्थित ग्रांड ओमेक्स सोसायटी के रहने वाले राजेश सिंह और प्रतापगढ़ सूरजकुंड के रहने वाले सर्वेश जैसवाल से हुआ। दोनों ने मिलकर यमुना के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस दिखाया दो साल तक नहीं कराया बैनामा2023 में 1.37 करोड़ में 3445 वर्ग गज जमीन पर बने फार्म का हाउस का सौदा किया। यह सौदा इंदिरापुरम के प्रापर्टी डीलर कपिल त्यागी ने कराया था। गजेन और संकल्प ने 10 लाख रुपये बयाना दिया था।तीन माह में बैनामा कराया जाना था। राजेश और सर्वेश ने 78 लाख रुपये ले लिए, लेकिन तय तिथि पर बैनामा नहीं कराया। इस बारे में बात करने पर दोनों टरकाने लगे। दोनों दो साल तक टरकाते रहे। रकम मांगने पर जान से मारने की धमक2025 में पता चला कि राजेश इस तरह कई लोगों से रकम ऐंठ चुका है। एग्रीमेंट सेल भी गलत तरीके से किया गया।




## समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे सपा कार्यकर्ता

**सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन, स्कूल फीस, चिकित्सा, गैस और श्रमिक सुविधाओं में सुधार की मांग**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,आम लोगों की समस्याओं को लेकर सपा नोएडा महानगर ने सेक्टर 19 सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि यदि नोएडा की एक-तिहाई आबादी (मजदूर व गरीब वर्ग) की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो यह वर्ग शहर से पलायन करने को मजबूर हो जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि नोएडा में रहने वाली बड़ी आबादी मेहनत-कश मजदूरों की है, जो बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पेट पाल रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ इन पात्र लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। इस मौके पर मजिस्ट्रेट को नौ सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। आश्रय गुप्ता ने बताया कि प्राइवेट स्कूल कभी भी फीस बढ़ा देते हैं और ड्रेस व किताबों के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। इसे तुरंत बंद करने की मांग की गई है। सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं की कमी है। गंभीर स्थिति में मरीजों को दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। गैस रिफिलिंग की रोकी जाए धांधलीमजदूर वर्ग द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो के सिलेंडर की रिफिलिंग में भारी धांधली हो रही है।



# जिलाधिकारी के निर्देश पर शिवद्वार मंदिर परिसर में चला स्वच्छता एवं मरम्मत अभियान



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। में स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निदेर्शानुसार आज शिवद्वार मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई एवं मरम्मत अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया था, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन करने के पश्चात मंदिर के आसपास की साफ-सफाई सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिए थे निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी एवं शौचालय की खराब स्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा सुलभ शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे। उक्त निदेर्शों के अनुपालन में आज सफाई कर्मियों की टीम लगाकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान कूड़ा-करकट हटाया गया, नालियों की सफाई की गई तथा पूरे परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। साथ ही, सार्वजनिक सुलभ शौचालय की मरम्मत का कार्य भी तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल से स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। लोगों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग का भरोसा जताया। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनहित से जुड़े ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में ड्यूटी पर सोते दिखे थानेदार, वीडियो वायरल



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर के लालगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां एक ओर जिलाधिकारी, सीडीओ और सीओ आमजन की शिकायतें सुनकर त्वरित समाधान का दावा कर रहे थे, वहीं थाना संतनगर प्रभारी कुर्सी पर ही गहरी नींद में सोते नजर आए। कैमरे में कैद हुई यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। ड्यूटी के दौरान ह्यआराम फरमातेह्व थानेदार ने पुलिस महकमे की कार्यशैली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ मंच से जनता को न्याय का भरोसा दिया जा रहा था, दूसरी ओर जिम्मेदार अफसर कुर्सी पर निद्रा ले रहे थे। इस घटना ने सिस्टम की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

# पटवध जल परियोजना का सदर विधायक ने किया औचक निरीक्षण, कार्य प्रगति पर जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यहर घर नल-हर घर जलह्व के अंतर्गत पटवध में संचालित जलापूर्ति परियोजना का शनिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा ह्यहर घर जलह्व का जो संकल्प लिया गया है, उसे हर हाल में धरातल पर उतारा जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली और पाया कि निर्धारित समय के अनुसार कार्य पूरा नहीं हो रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी योजना के क्रियान्वयन में बाधा बनता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है—हर गरीब और जरूरतमंद परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य को पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इस योजना का लाभ मिल सके। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी।

खास समाचार

## गंगा में डूबा किशोर, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। जिगना थाना क्षेत्र के असवां दुगरहां गाँव में शनिवार को गंगा घाट पर स्नान करते समय 15 वर्षीय दीपांशु की डूबने से मौत हो गई। बजटा गांव निवासी दीपांशु अपने ननिहाल आया था, जहां दो दिन बाद मामा के बेटे की शादी थी। शनिवार सुबह तीन साथियों संग स्नान को गया दीपांशु गहरे पानी में चला गया। शोर पर मछुआरों ने जाल डालकर एक घंटे बाद शव निकाला। परिजन तुरंत पीएचसी सरोंई ले गए, जहां डॉक्टर रत्नाकर मिश्रा ने मृत घोषित किया। तीन भाइयों में बड़ा दीपांशु की मौत से माता कौशल्या देवी समेत परिवार में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

## क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा कोतवाली रॉबर्ट्सगंज में बैठक कर, अधिकारियों/कर्मचारियों को अपराध गोष्ठी के निदेर्शों से अवगत कराया गया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज/कोतवाली रॉबर्ट्सगंज में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध गोष्ठी में दिए गए निदेर्शों से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, सभी चौकी प्रभारी व विवेचक को विवेचनाओं के समयबद्ध निष्पादन तथा स्वच्छ, पारदर्शी एवं जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रभावी कार्यवाही करने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

## चुनार: पत्रकार महिला 48 घंटे से लापता, पति ने थाने में दी तहरीर, अदलहाट पुलिस पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर : चुनार थाना क्षेत्र के दीक्षितपुर निवासी सुभाष सिंह ने अपनी पत्रकार पत्नी सरिता सिंह के लापता होने की तहरीर पुलिस को दी है। सुभाष सिंह के अनुसार, 30 अप्रैल 2026, गुरुवार को अदलहाट थाने के सिपाही व थानाध्यक्ष अजय सेठ के फोन पर उनकी पत्नी को मंजरीराव मैडम से मिलने के लिए थाने बुलाया गया था। शाम 6 बजे के करीब नारायणपुर चौकी पर उनसे बात हुई, जिसके बाद उनका मोबाइल नंबर 8423572416 स्विच ऑफ हो गया। 48 घंटे बीतने के बाद भी सरिता सिंह का कोई पता नहीं चला है। पति ने उच्चाधिकारियों से उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले में अदलहाट पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। चुनार पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा कर दिए निर्देश

**फार्मर रजिस्ट्री व अंश निर्धारण की प्रगति का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों गॉवों में जाकर स्थलीय निरीक्षण के दिये निर्देश।**

**गॉवों में पहुंचकर जनपद स्तरीय अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री व अंश निर्धारण की प्रगति का लिये जायजा।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। ओबरा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष हो रही फार्मर रजिस्ट्री एवं अंश निर्धारण कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अभियान की प्रगति का मूल्यांकन के लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किये कि वे गांवों में जाकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें तथा अभियान की प्रगति सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एवं खातेदारों के अंश निर्धारण का कार्य शासन की प्राथमिकता से जुड़ा हुआ है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, उन्होंने निर्देशित किया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी संबंधित लेखपालों के साथ गांवों में भ्रमण कर पंचायत सहायकों एवं अन्य कार्मिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र किसान का समयबद्ध पंजीकरण हो तथा अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण की जाए। इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि निरीक्षण उपरांत विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, जिसमें कार्य की वास्तविक प्रगति, कमियां एवं सुधारात्मक सुझाव अंकित हों। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना ओबरा का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**, संबंधित को दिए गए आवश्यक निर्देश**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना ओबरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी व्यवस्था, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक एवं साफ-सफाई सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए महिला अपराधों से संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सहायता हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को त्वरित, सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पारदर्शी पुलिसिंग एवं संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए इसके अतिरिक्त थाना ओबरा में नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान उन्हें ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर शाहगंज मार्केट में चला विशेष स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेर्शानुसार आज शाहगंज मार्केट में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विदित हो कि गत दिवस जिलाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान शाहगंज मार्केट में व्यापक गंदगी पाई गई थी, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए थे। इन्हीं निदेर्शों के क्रम में आज लगभग 100 सफाई कर्मियों की टीम लगाकर शाहगंज मार्केट में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान नालियों की सफाई, कूड़ा-करकट का निस्तारण तथा पूरे बाजार क्षेत्र की विशेष सफाई कराई गई। सफाई कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग भी की गई, जिससे कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके। जिला पंचायत के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के परिणामस्वरूप शाहगंज मार्केट को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि स्वच्छता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह आदि ने 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 56 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकार जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी सदर श्री अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर श्री अमित कुमार आदि ने 56 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 48 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 71 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 66 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 53 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 51 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें-241 प्राप्त हुयी

# चकबंदी कार्यों में तेजी, धारा 24 के बाद कब्जा परिवर्तन कराने में जुटे चकबंदी कानूनगो

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। छानबे क्षेत्र जिगना। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2024 में विभिन्न गांवों में चकबंदी का प्रस्ताव गजट किया गया था शासन के मंशानुरूप व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अशोक कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर जिले के विभिन्न गांवों में चल रहे चकबंदी कार्यों में तेजी लाने व पारदर्शितापूर्ण तरीके से कार्य करने हेतु आदेश के अनुक्रम में विकासखंड विजयपुर क्षेत्र के कोठरा मिश्रान गांव में चकबंदी की धारा 24 के अंतर्गत कब्जा परिवर्तन का कार्य जोरों पर है। चकबंदी कार्यों को पारदर्शी बनाने के लिए चकबंदी कानूनगो शैलेश वर्मा एवम्चकबंदी लेखपाल संघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा द्वारा लगातार गांव में आकर मौके पर रहकर ग्रामीणों के साथ जमीन की पैमाईश व नाप जोक किया जा रहा है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद ग्रामीणों में न हो। आज शनिवार सुबह 9 बजे से ही चकबंदी कर्ता व लेखपाल द्वारा कोठरा मिश्रान गांव में काश्तकारों के साथ चकबंदी के कब्जा परिवर्तन की धारा के तहत खेतों व गाटों का पैमाईश कर नाप जोक करते दिखे जिसका मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों को कम करना,पारदर्शिता बढ़ाना,और किसानों व काश्तकारों को सुव्यवस्थित भूखंड उपलब्ध कराना है। कानूनगो शैलेश वर्मा ने बताया कि उक्त गांव के ग्रामीणों संग शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा परिवर्तन कार्य चल रहा है।मौके पर दर्जनों किसानों व काश्तकारों बृजमणि , कैलाशनाथ, डीके तिवारी , दिनेश यादव,सोनू मिश्रा, प्रदीप मिश्रा ( पिपे ) आदि चकबंदी कार्यों में सहयोग के लिए विशेष रूप से डटे रहे।

# पीड़ित परिवार से मिले निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान



अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के धरनिहवा गांव के टोला कोल्हूआ में भूमि विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल युवक स्व0 संदीप यादव के मौत के बाद भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढाढस बधाया। कन्हैया ने पीड़ित परिवार से भेंट किया एवं मृतक के पिता शिवमूरत से बातचीत करते हुए न्याय का पूरा भरोसा दिलाया। कन्हैया पासवान ने सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता करते हुए अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अपराधी कोई भी हो कही भी हो बचने नहीं पायेगा, जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष लोटन द्दग नारायण सिंह, भाजपा नेता सन्तोष पासवान, निशान्त पाण्डेय, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, सन्तोष शुक्ला, गुड्डू यादव, हेमन्त सिंह, सोनू, महेश वर्मा, दिलीप आदि लोग उपस्थित रहें।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

वर्ल्ड लाफ्टर-डे स्पेशल



आमतौर पर हंसने को सामान्य शारीरिक क्रिया माना जाता है। लेकिन दुनिया भर में हुए अनेक मेडिकल स्टडीज से यह साबित हुआ है कि हंसी, नेचुरल मेडिसिन की तरह होती है। हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने में हंसने की बहुत कारगर भूमिका होती है। हंसने के क्या फायदे होते हैं, इसे कैसे थेरेपी की तरह यूज कर सकते हैं, इस बारे में विस्तार से जानिए।

# स्ट्रेस करे दूर-मेंटल हेल्थ को बनाए बेहतर हंसी

कवर स्टोरी
रजनी अरोड़ा

भारती पीएचडी के अंतिम वर्ष में थी। थीसिस सबमिशन की डेडलाइन नजदीक आने के कारण अत्यधिक तनाव, एंग्जाइटी और नींद न आने की समस्या का सामना कर रही थी। उसका मानसिक संतुलन बिगड़ रहा था, पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पा रही थी। यहां तक कि उसकी दिनचर्या भी गड़बड़ा गई थी। पैरेंट्स ने उसकी स्थिति को देखते हुए मनोवैज्ञानिक को कंसल्ट किया। उसकी केस हिस्ट्री जानने और थेरेपेटिक इंटरवेंशन के बाद डॉक्टर ने उसे 'लाफ्टर रूलः 3-10-30' फॉलो करने की सलाह दी। शुरुआत में भारती को यह अभ्यास साधारण और प्रभावहीन लगा, लेकिन दो सप्ताह के भीतर उसने तनाव में कमी, मूड स्थिरता और कंसंट्रेशन में सुधार महसूस किया। यह परिवर्तन केवल संयोग नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित माइक्रो-बिहेवियरल इंटरवेंशन का परिणाम था।

## जीवन में बढ़ रहा है तनाव

आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में बढ़ती अपेक्षाएं, प्रतिस्पर्धा, हाई प्रेशर जॉब्स, डिजिटल निर्भरता ने हम सभी के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। व्यक्ति हंसना मानो भूलता जा रहा है। स्ट्रेस, एंग्जाइटी, डिप्रेशन, ओवर थिंकिंग, बर्नआउट जैसी मानसिक समस्याएं तेजी से उभर रही हैं और गंभीर वैश्विक चुनौती बनती जा रही हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्व स्तर पर लगभग हर 8 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहा है। भारत में भी लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अपने जीवनकाल में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करती है।

## हंसना है कारगर उपाय

एक शोध के अनुसार बच्चे दिन में औसतन 300-400 बार हंसते हैं, जबकि वयस्क केवल 8-10 बार। यानी बड़े होते-होते हम हंसी की यह अद्भुत प्राकृतिक शक्ति खो देते हैं। हालांकि व्यक्ति इन समस्याओं की गिरफ्त में न आने और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखना चाहता है, जिसके लिए कई तरह की साइकोलॉजिकल थेरेपी, मेडिटेशन एप्स, मेडिकेशन का भी सहारा लेता है। लेकिन प्रकृति-प्रदत्त उस सहज उपलब्ध और अनमोल उपहार को अकसर नजरअंदाज कर जाता है। वो उपहार है-हंसी या कुछ पल के लिए खुलकर हंसना। हास-परिहास को मानव की एक सहज भावना या स्वाभाविक प्रक्रिया है। खुशी किसी बड़ी उपलब्धि में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे पलों में छिपी होती है। अगर हम डेली रुटीन में पॉवरफुल टूल यानी हास्य को अपनाने की आदत डाल लें तो निश्चय ही तमाम तरह की मानसिक परेशानियों से आसानी से बचा जा सकता है।

## फॉलो करें लाफ्टर रूल

जीवन को खुशहाल बनाने के लिए वैज्ञानिक भी 'लाफ्टर रूलः 3-10-30' फॉलो करने पर बल देते हैं। भले ही छोटा लगे, लेकिन इसका प्रभाव बहुत गहरा होता है। माइक्रो-बिहेवियरल इंटरवेंशन के माध्यम से यह रूल व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है। इसमें तीन मुख्य घटक हैं- 3 यानी, दिन में कम से कम तीन बार दिल से मुस्कुराएं या खुलकर हंसें। किसी भी रूप में, कुछ मजेदार देखते या सुनते हुए। 10 यानी, अपने कार्य के दौरान दस मिनट का एक लाफ्टर ब्रेक लें। हास्यपूर्ण गतिविधियों में शामिल हों, जो हमें हंसने या मुस्कुराने का मौका दें। जैसे- कॉमेडी वीडियो देखना, मजेदार किताब पढ़ना, दोस्तों या परिवार के साथ हंसी-मजाक करना या बच्चों के साथ खेलना। 30 यानी, दिन में कई बार 30 सेकेंड के लिए हंसने या मुस्कुराने का प्रयास करें। छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करना और उन पर मुस्कुराना भी इसमें शामिल है। जैसे- किसी सुंदर दृश्य को देखकर, किसी बच्चे की मासूम हरकत पर या किसी हल्के-फुल्के मजाक पर मुस्कुरा देना।



## कैसे काम करती है हंसी

हंसी को नेचुरल एंटी-डिप्रेसेंट भी कहा जाता है। यह एक नेचुरल स्ट्रेस रिलीफ मैकेनिज्म के रूप में कार्य करती है। जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर में कई महत्वपूर्ण न्यूरोकेमिकल का स्राव बढ़ जाता है। एंडोर्फिन (प्राकृतिक दर्द निवारक, जो खुशी और संतुष्टि की भावना उत्पन्न करता है), डोपामाइन (मोटिवेशन और खुशी से जुड़ा न्यूरोट्रांसमीटर), सेरोटोनिन (मूड को संतुलित रखने वाला रसायन)। वहीं हंसी, कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के स्तर को घटाती है। ये केमिकल मूड को बेहतर बनाते हैं, शरीर की मांसपेशियों को आराम पहुंचाते हैं और तनाव को कम करते हैं।

## हंसी के पीछे का मनोविज्ञान

मनोविज्ञान के सिद्धांतों के माध्यम से भी हंसी के प्रभाव को समझा जा सकता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

**इमोशनल रेग्युलेटरः** मनोविज्ञान के अनुसार हंसी एक प्रभावी इमोशनल रेग्युलेटर है, जो तनाव और नकारात्मक भावनाओं को कम करने में मदद करती है। कठिन परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**बिहेवियरल एक्टिवेशन थ्योरीः** इसके हिसाब से केवल भावनाएं ही व्यवहार को प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि व्यवहार भी भावनाओं को बदल सकता है। यानी यदि व्यक्ति जान-बूझकर हंसता है, तो उसका मूड स्वतः बेहतर हो सकता है।

**फेशियल फीडबैक हाइपोथीसिसः** सिर्फ मुस्कुराने से भी खुशी का अनुभव हो सकता है। मुस्कुराने पर चेहरे की मसल्स अनायास ही ब्रेन को संकेत भेजती हैं, जिससे भावनाएं प्रभावित होती हैं और मूड में सुधार होता है।

**मूड कॉन्ग्रुएंट बिहेवियरः** यह एक मनोवैज्ञानिक पैटर्न है, जिसमें व्यक्ति अपने वर्तमान मूड के अनुरूप ही कंटेंट या गतिविधियों को चुनता है। जैसे- जब हम दुःखी होते हैं, तो हम दुःख भरे गाने, वीडियो या विचारों की ओर आकर्षित होते हैं। यह पैटर्न नकारात्मक भावनात्मक चक्र को बढ़ा सकता है। लेकिन यदि हम दुखी होने पर सचेत रूप से अपने व्यवहार में बदलाव लाएं या हंसने की कोशिश करें, तो इस नकारात्मक चक्र को तोड़ सकते हैं।

## मेंटल बैलेंस को सुधारे हंसी

हंसी केवल खुशी का प्रतीक नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने की एक गहरी और वैज्ञानिक प्रक्रिया भी है। इससे कॉग्नीटिव फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। नर्वस सिस्टम पर सकारात्मक असर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा ब्रेन अधिक सक्रिय और क्रिएटिव हो जाता है। समस्याओं को नए दृष्टिकोण से देख पाता है और आउट ऑफ द बॉक्स सोच विकसित होती है। कई बार कठिन समस्या का हल भी निकाल पाता है। बार-बार हंसने से दिमाग में नए न्यूरल पाथवे बनते हैं। इससे धीरे-धीरे नकारात्मक सोच की आदत कमजोर और सकारात्मक सोच मजबूत होती है। हंसने से भावनात्मक मजबूती बढ़ती है। मुश्किल परिस्थितियों में भी टिके रहने की शक्ति देती है। जो लोग कठिन समय में भी हल्का-फुल्का हास्य बनाए रखते हैं, वे तनाव और असफलताओं से जल्दी उबर जाते हैं। लगातार काम, जिम्मेदारियों और तनाव के कारण जो थकान या बर्नआउट होता है, उसमें हंसी एक रिचार्ज बटन की तरह काम करती है। दिमाग को रीसेट होने का मौका मिलता है। संक्रामक प्रवृति होने के कारण हंसी, सोशल एंग्जाइटी को कम करती है। यह शरीर में सकारात्मक जैविक बदलाव लाकर तनाव कम करती है, मांसपेशियों को आराम देती है, रक्त संचार को सुधारती है और प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाती है। समग्र भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर व्यक्ति को दीर्घकालिक बीमारियों से लड़ने में सक्षम बनाती है। हंसने से शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्राव बढ़ता है, जो रात में सुकून की नींद दिलाने में सहायक है। *

**(बहरीन स्थित ब्रिटिश यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)**




### बेहतरीन थेरेपेटिक टूल भी है लाफिंग

वर्तमान दौर में हास्य का इस्तेमाल थेरेपेटिक टूल या स्ट्रक्चर थेरेपी की तरह बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। कई जगह लाफ्टर क्लब संचालित होते हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, खासकर तनाव प्रबंधन के लिए लाफ्टर-थेरेपी या लाफ्टर-योगा कराया जाता है। इसमें कराई जाने वाली लाफिंग-एक्सरसाइज आर्टिफिशियल हंसी होती है, जिसमें व्यक्ति को बिना किसी कारण के जबरदस्ती हंसाया जाता है। शुरू में भले ही यह हंसी जबरन होती है, लेकिन चंद सेकेंड के बाद यह कुदरती रूप ले लेती है। ब्रेन का पैटर्न बनता है। ब्रेन, असली और बनावटी हंसी में अंतर नहीं कर पाता। आर्टिफिशियल हंसी को वास्तविक इमोशनल सिगनल मानता है और मानसिक परेशानियों को भुलाने में मदद करता है।

लाइफस्टाइल
सरस्वती रमेश

# हैप्पी लाइफ के लिए जरूरी है हंसना



हंसने से हेल्थ अच्छी रहती है, सोशल रिलेशन स्ट्रॉन्ग बनते हैं, फील गुड होता है। इसलिए जब जहां मौका मिले खूब हंसिए, खिलखिलाइए, दूसरों को भी हंसाइए और अपनी लाइफ को हैप्पी बनाइए।

दुनिया के महानतम हास्य कलाकारों में से एक चार्ली चैपलिन ने कहा है कि हंसी के बिना बीत गया दिन बर्बाद किया गया दिन है। उनकी इस उक्ति में वास्तव में जीवन का गहनतम दर्शन छिपा हुआ है। क्योंकि हंसी से विहीन जीवन, नीरस और बोझिल होता है। हंसी जीवन को उल्लास से जीने की प्रेरणा है। इस प्रेरणा के सहारे जीवन के उतार-चढ़ाव, कमी-बेसी, जीत-हार भरे दिन धैर्य से बीत जाते हैं। उनसे मिले सबक से जीवन को अनुभवों से युक्त किया जाता है। यही अनुभव भविष्य में हमारे मार्गदर्शक बन जाते हैं और हमें अच्छे दिनों की रोशनी में ले जाते हैं। उस रोशनी में हम अपने प्रियजनों के साथ दिल खोलकर हंसते हैं। खुशियां मनाते हैं।

**हंसी एक खजाना हैः** अमेरिकी दार्शनिक विलियम जेम्स का कहना है कि हम खुश होते हैं, इसलिए नहीं हंसते बल्कि हम हंसते हैं, इसलिए खुश होते हैं। मतलब साफ है कि जीवन का आनंद हमारी मुट्ठी में है। यदि हम खुश रहना चाहते हैं तो हमें हंसना-हंसाना सीखना होगा। जीवन में हंसी का खजाना बेशकीमती होता है। जिसके पास यह खजाना है, वह दुनिया का सबसे दौलतमंद इंसान है। वह बड़ी से बड़ी परेशानी का सामना हंसते हुए कर लेता है। जरा एक छोटे से बच्चे की हंसी को देखिए। उसकी हंसी कितनी निश्छल और उन्मुक्त होती है। बिल्कुल किसी राजा के शाही खजाने की तरह। ऐसी ही मुस्कान की जरूरत हमें उम्र के हर पड़ाव पर होती है। मगर जीवन की आपाधापी में उम्र बढ़ने के साथ अकसर हम हंसना भूल जाते हैं। हमें हंसी की महत्ता को स्वयं तो समझना ही होगा और दूसरों को भी समझाना होगा। हंसी को संक्रमण की तरह फैलाना होगा। धूप, हवा, पानी और प्रकृति की हजारों नेमतों की तरह हंसी भी मुफ्त का उपहार है। कुदरत ने हमें यह उपहार जीवन को सुंदर बनाने के लिए ही दिया है।



**कई बीमारियों के उपचार में सहायकः** हंसने के अनेक फायदे होते हैं। मनोचिकित्सकों और डॉक्टरों का कहना है कि हंसने से सिर्फ हमारा मूड अच्छा नहीं होता बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी इससे सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हम मानसिक रूप से बेहतर महसूस करते हैं। आपको जानकार हैरानी होगी कि सिर्फ दस से पंद्रह मिनट हंसने से चालीस कैलोरी तक बर्न होती है। हमारा हार्ट अच्छे से काम करता है और ब्लड प्रेशर नियमित रहता है। कैंसर के मरीजों पर जब लाफ्टर थेरेपी का प्रयोग किया गया तो नतीजे चौंकाने वाले निकले। हंसने से उनका दर्द आधा रह गया था। आपको 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' फिल्म तो याद ही होगी। फिल्म का मुख्य किरदार मुन्ना, मरीजों को हंसाकर और खुश करके ठीक करने की कोशिश करता है। यह महज कल्पना नहीं बल्कि इसमें कुछ सच्चाई भी है। ऐसा कई स्टडीज में पाया गया है कि जिन मरीजों को उपचार के साथ हंसी की खुराक भी मिलती है, वे जल्दी स्वस्थ होते हैं। यानी हंसी से दूर रहने वालों को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह का नुकसान भुगतना पड़ सकता है।

**सामाजिक रिश्ते बनाए मजबूतः** हंसने से हमारे सामाजिक रिश्ते भी मजबूत बनते हैं। किसी के साथ हंसकर बात करने से हम भावनात्मक रूप से सुदृढ़ महसूस करते हैं। यही भावना साथ वाले व्यक्ति के प्रति आत्मीयता में इजाफा करती है और हमारे भरोसे को बढ़ाती है। जब हम अपने मित्रों, परिचितों और रिश्तेदारों के साथ रहते हैं, तब हंसी-मजाक की संभावना भी बढ़ जाती है और रिश्तों में प्रगाढ़ता भी। दरअसल, हंसने-हंसाने से ही हमारे संबंधों को खाद पानी और नई ऊर्जा मिलती है। हमारे परिवार के हर सदस्य को प्रतिदिन हंसी की छोटी-बड़ी खुराक देने की जरूरत पड़ती है।



**बढ़ती है इम्यूनिटी पावरः** दिल खोलकर हंसने से तनाव कम होता है। कई शोधों से यह भी पता चला है कि हंसने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है, क्योंकि हंसने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स का उत्पादन बढ़ जाता है और यह इम्यून सेल्स को सक्रिय करता है। हमारे शरीर में यही सेल्स बीमारियों और संक्रमण से लड़ने में हमारी मदद करते हैं। इसलिए नियमित रूप से हंसने से इम्यून सिस्टम को बूस्ट मिलता है।

कह सकते हैं कि हंसी जीवन को खुशहाल बनाने का अचूक नुस्खा है। इसलिए मुफ्त में उपलब्ध इस कुदरती नियामत का भरपूर उपयोग करने में ही समझदारी है। *



नवगीत
डॉ. गुरु सरन लाल

## मुश्किल बहुत बना डाला

कितना सरल है जीवन लेकिन
मुश्किल बहुत बना डाला।
अव्यवस्थित जीवनशैली
बातें भी हैं जाने कैसी
किसी का कोई लिहाज नहीं है
रिश्तों की तो ऐसी-तैसी
अक्ल पर लगा दिया ताला।
भौतिकता के पागलपन में
आपाधापी मची जीवन में
नियम कानून को ताक पे रखते
पानी सूख गए अंखियन में
नैतिकता को पड़ गया पाला।
कितना सरल है जीवन लेकिन
मुश्किल बहुत बना डाला।

व्यंग्य
राजा चौरसिया

## जबरन हंसना पड़ेगा




समय बहुत ही परिवर्तनशील है। आज और कल में अर्थात अब और तब में धरती-आसमान जैसा विशाल अंतराल है। यह विकराल होकर भी अनिवार्य रूप से स्वीकार्य है। असली फूलों का विकल्प नकली फूल हैं। जिगर से ज्यादा फिगर तथा मुखड़े से ज्यादा मुखौटे के चलन के प्रतिफलन से ही कुशलता है। उसी के पास अपडेट फिटनेस का सर्टिफिकेट है, जो बयार के अनुसार ही चलता है। इस दिखाऊ युग की कभी जरा भी निंदा करना, जिस थाली में खाना उसी में छेद करना माना जाता है। मगर से बैर करने से खैर नहीं, अगर उसके ही पानी में रहना है। इस जगाने में स्वाभाविकता, सहजता और दुग्ध-धवलता के अकाल के दौर में जबरन के शिष्टाचार की लपेट या चपेट में आना प्रासंगिक है। अंदर से खुशी या हंसी न रहते हुए भी औपचारिकता के नाम पर जबरदस्ती की हंसी अत्यंतावश्यक हो गई है। बॉस पर क्यों न आपको गुस्सा बेहिसाब आ रहा हो, उसके हंसने पर आपको भी हंसना जरूरी ही नहीं मजबूरी भी हो जाती है। जब पारदर्शिता के बिना प्यारदर्शिता का जलवा है और सच की हालत हलवा है, तब स्वाभाविक हंसी के बारे में किंचित भी चिंतित नहीं होना चाहिए। जब रियल से भी बढ़कर आर्टिफिशियल हो जाए, तब जबरन हंसने की गुणवत्ता की ही महत्ता है।

अंदर से खुश न रहते हुए भी बाहर जबरन हंसना, गुड बीइंग से बढ़कर गुड लुकिंग बनाता है। स्किल से पहले स्किन का तथा कर्म सौंदर्य के पहले चर्म सौंदर्य की मान्यता है। आज आचरण से बढ़-चढ़कर आवरण को लाइक करना स्वयं के लायक होने का प्रमाण है। नकलियत के अनुकूल जबरन हंसमुखता को प्रमुखता प्रदान करने की कला से ही भला है। घोर निंदक होकर भी दूसरों के सम्मुख हंसमुख दिखाकर उनकी प्रशंसा करने की मंशा वह विशेषण है, जिसका विश्लेषण करना मीटर से किलोमीटर नापना है।

चार दिन की चांदनी यह जिंदगी है। किसी को आईना दिखाना, अर्थात दुर्मति के कारण अपनी दुर्गति कराना है। जैसे फोटो खिंचवाते समय स्माइल प्लीज सुनते ही जबरन हंसना पड़ता है, वैसे ही वर्तमान यारी, रिश्तेदारी एवं दुनियादारी को फीड करने और बची-खुची मौलिकता को डिलीट करने का हुनर हर नर में होना चाहिए। 'समथिंग इज बैटर देन नथिंग' के अनुसार सीधी चतुराई से ज्यादा चालाकी वाली ट्रिक को क्लिक ही करना है। बिल्कुल खुश न रहते हुए भी भरपूर खुश दिखने से ही व्यावहारिकता को प्राथमिकता देना है। भीतर से झुलसते हुए भी बाहर से जबरन हंसते हुए नमस्ते करना ही शिष्टाचार का नीक व सटीक प्रतीक है। डिफेक्टिव होकर भी अट्रैक्टिव तथा अफेक्टिव दिखने के जबरिया नेचर को सिग्नेचर जैसे स्थाई बनाए रखना है। बिकाऊ जिंस की तरह जिस्म को भी दिखाऊ तथा रिझाऊ बनाए रखने के चातुर्य का प्राचुर्य होना परिवार में भी बेहद आवश्यक है।

आधुनिकता के परवाने जैसे दीवाने पति महोदय मिर्ची जैसी सुपत्नी को मिश्री से बढ़कर मीठी कहकर, हर तरह की आपत्ति और विपत्ति से मुक्त रहते हैं। क्रुद्ध होकर भी गृहयुद्ध से बचने के लिए जबरन हंसकर प्राणप्यासी को प्राणप्यारी कहना दुःखिया होकर भी सुखिया दिखने की बुद्धिमानी है। वातावरण के अनुसार ही आचरण होना चाहिए।

अब जब हंसने के दिन आए हैं, तो इसे सामयिक कटु सत्य मानकर उसी में चलने-ढलने में ही सार है। जब सब कुछ ऊपर-ऊपर ही चलता है, तब दिल को छूकर देखने की बात हास्यास्पद है। आज तो हर कमाऊ व्यक्ति बहुत ही बिजी होने के कारण ईजी नहीं रह सकता। इसीलिए नकली या फसली हास्य-मुद्राएं ही बेहद आवश्यक हैं। प्योरिटी की श्योरिटी न होने के कारण नकली फूलों पर इत्र का स्प्रे स्वाभाविक है। खाद्य से लेकर पेय तक शुद्धता की गारंटी या वारंटी नहीं है। मंचों पर संबोधन से लेकर उद्बोधन तक जबरन स्माइल की स्टाइल मोस्ट वांटेड है। केवल लाफ्टर डे पर ही नहीं, रोजमर्रा की जिंदगी में भी जबरन ही सही हंसना ही पड़ता है। *

लघुकथा / विनय मोघे

## सबक



एक बड़ी मल्टी नेशनल कंपनी की इंदौर शाखा के लिए मैनेजर के पद के लिए कंपनी के एचआर विभाग में हजारों की संख्या में ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए। हर आवेदन पत्र एक से बढ़कर एक। हर आवेदक ने अपनी योग्यता, अनुभव को अपने रिज्यूमे में आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया था। ऐसा लगता था कि लगभग हर रिज्यूमे को एआई की मदद से बनाया गया है। एचआर विभाग के अनुभवी अधिकारियों ने इन आवेदनों में से कुछ आवेदकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया। इंटरव्यू के दिन सभी आवेदक अच्छी वेशभूषा में अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ कंपनी के दफ्तर में पहुंचे। सभी आवेदकों को एक हॉल में बिठा दिया गया, जैसे स्कूल-कॉलेज में परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को बैठाया जाता है। सभी आवेदकों को निर्देश दिए गए कि उन्हें निश्चित समय में अपना रिज्यूमे वहीं लिखकर तैयार करना है, बिना किसी तकनीकी सहायता के। इंटरव्यू के लिए आए आवेदकों के लिए यह अनपेक्षित था। सभी प्रश्नवाचक नजरों से एक-दूसरे को देखने लगे। उनके चेहरे के हाव-भाव बता रहे थे कि लगभग सभी आवेदकों ने एआई की सहायता से ही अपने रिज्यूमे बनाए थे और अब बिना किसी सहायता के अपना वैसा ही प्रभावी रिज्यूमे बनाना उनको मुश्किल लग रहा था। रेज्यूमे जमा करने का समय खत्म होने वाला था। पर इक्का-दुक्का आवेदकों को छोड़कर किसी ने लिखना तक शुरू नहीं किया था। उन्हें देखकर लग रहा था कि कई सालों बाद वे कागज-कलम का उपयोग कर रहे हैं। आवेदकों में कुछ न लिख पाने के कारण बेचैनी दिखाई दे रही थी। समय समाप्त होने पर दो-तीन आवेदकों ने ही अपना रिज्यूमे लगभग वैसा लिखा था, जैसा उन्होंने भेजा था। इसके बाद सभी आवेदकों को प्रतीक्षा कक्ष में इंतजार करने लिए कहा गया। यहां अपनी बारी का इंतजार करते आवेदक एक-दूसरे से यही बात कर रहे थे कि किसी भी काम के लिए एआई की मदद लेना अच्छी बात है, पर पूरी तरह एआई पर निर्भर होकर अपनी कल्पनाशीलता और मौलिक लिखने की योग्यता को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। सभी के चेहरे पर इस बात का संतोष दिखाई दे रहा था कि उन्हें जीवन का एक सबक मिल गया था। *

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## पाठ पत्रिका का असम विशेषांक

विगत बीस वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रही त्रैमासिक पत्रिका 'पाठ' अपने विशेषांकों के लिए खासतौर पर चर्चित रहती है। हाल में ही इसका ताजा अंक 'असम विशेष' के रूप में प्रकाशित होकर आया है। इस विशेषांक से गुजरते हुए लगता है, जैसे अपने छोटे कलेवर में भी पाठ पत्रिका, असम की विविधवर्णी साहित्यिक-सांस्कृतिक झांकी को समेटे हुए है। यहां नंदेश्वर दैमारी और सैयद अब्दुल मलिक की अनूदित कहानियों, चंद्रमोहन और दिनकर कुमार की कविताओं के अलावा असमिया कहानियों, असमिया उपन्यासों, असमिया सिनेमा और असमिया समाज-संस्कृति पर अच्छे लेख मौजूद हैं। विश्व विख्यात गायक भूपेन हजारिका के व्यक्तित्व को प्रकट करता बढ़िया लेख भी यहां पढ़ सकते हैं। असमिया पत्रकारिता और बोडो साहित्य के बदलते रचना संसार को रेखांकित करता लेख, इस पत्रिका के महत्व को और बढ़ा देता है। इसके साथ ही इस अंक में हाल में दिवंगत हुए विनोद कुमार शुक्ल, ज्ञानरंजन और रंजीत भट्टाचार्य पर स्मृति लेख भी हैं। *




**पत्रिकाः** पाठ (अप्रैल-जून 2026 अंक) असम विशेष, **संपादकः** देवांशु, **मूल्यः** 125 रुपए, **प्रकाशन स्थलः** बिलासपुर, छत्तीसगढ़